इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 43 | अंक -155 | राजनांदगांव, सोमवार 22 अप्रैल 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

# प्रियंका गांधी का पीएम पर तंज, चुटकी बजाकर रोक देते हैं युद्ध तो महंगाई कम क्यों नहीं करते

राजनांदगांव (दावा)। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी मोहड़-डोंगरगांव की जनसभा को सम्बोधित करते हुए कही कि 5 साल छग में कांग्रेस सरकार ने भूपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश की जनता आर्थिक रुप से मजबूत बनी। इन्होंने दिन-रात मेहनत कर किसान, युवा, महतारियों के लिए काम कर रोजगार के संसाधन उपलब्ध कराएं है, जिसे भाजपा बंद कर रही है। हमारा जो स्वतंत्रता संग्राम था गांधी जी ने उसका नेतृत्व किया और बडे-बडे नेता थे, अगर एकजुट नहीं होते, अगर इस देश की जनता एकजुट नहीं होती तो हमें आजादी कभी नहीं मिलती, यह जो आजादी है हमारा स्वतंत्र देश है, यह हमारे लिये बहुत महत्वपूर्ण है, आपको अधिकार मिलते है। संविधान मे सबको अधिकार मिलता है। किसी भी वर्ग के हो आपको संविधान ने बहुत अधिकार दिया है, उनमें एक अधिकार यह है कि आप वोट डाल सकते है। अभी चुनाव का समय है। वोट डालने का समय है। चुनाव के समय जनता दो मुद्दों को अपने मन में रखे। पहला कि देशभर में क्या हो रहा है। देश की राजनीति कैसे चल रही है। आगे चलकर देश का क्या होगा, भविष्य में क्या होगा। दूसरा कि लोगों की रोज की जिंदगी है। आपके जो संघर्ष है। आप जो दिन




**भाजपा के अन्याय, अत्याचार से सर्वहारा वर्ग महंगाई से बेरोजगारी से जूझ रही**

रात मेहनत कर रहे है। आपका जो संघर्ष है, उसकी कोई सुनवाई है या नही। ये दो बडे-बडे मुद्दे है, मुख्य तौर पर ये दोनो मुद्दों के बारे में यह बताना चाहूंगी। आप लोगों के जीवन का संघर्ष है आप से ज्यादा इसे कोई समझता नहीं। महंगाई बहुत ज्यादा बढ़ चुकी है। आप किस तरह से रोज के जीवन को आगे ब?ाते है। आप सब कमाई कर रहे है, पर वह पूरी नहीं हो रही है। महंगाई पिछ्ले 10 सालों में हद से ज्यादा बड़ी है। ये आपकी सबसे बडी समस्या है। बेरोजगारी 45 सालों में देश में सबसे ज्यादा हो चुकी है। बेरोजगारी इतनी बढ़ गयी है कि आप अपने बच्चों को कितना भी पढ़ाये, लेकिन आपको यह गारंटी नहीं मिल सकती कि पढ़ने-लिखने के बावजूद रोजगार मिलेगा कि नहीं। किसानों की बहुत समस्याएं है, किसान महंगाई से जूझ रहा है। आज किसान जितने भी खेती के सामान इस्तेमाल करते है, सब में जीएसटी है, सब महंगे हो गये है। पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ गये हैं, तो किसान खेती में भी नहीं कमा पा रहा हैं, ये जो आपकी समस्याये है, उनको हल करने की कोशिश कांग्रेस की सरकार ने कि जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी, जब छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार थी धान को 2500 रूपये में खरीदा जा रहा था। किसानों का कर्जा माफ किया था। भूमिहानों का सालाना 7 हजार मिलते थे। छत्तीसगढ़ में नई सरकार बनने के बाद चावल में कटौती किया गया। बेरोजगारी भत्ता बंद कर दिया गया, जो भूमिहीनों को पैसा मिलता था वह भी बंद हो गया। इतनी भयंकर महंगाई है, सबके दाम बढ़ गये हैं। मोदी सरकार जनता को कोई सुविधा नहीं दे पा रही है। कांग्रेस की सरकार जब-जब रही थी और रही हैं कांग्रेस ने लोगों की संस्कृति की रक्षा की। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# भ्रष्टाचार पर भाजपा का भूपेश बघेल को पत्रः सौम्या चौरसिया पर चुप्पी तोड़े भूपेश- भाजपा

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा महामंत्री भरत वर्मा, रामजी भारती व भाजपा नेता सियाराम साहू ने भूपेश बघेल को पत्र लिखा है। पत्र में पूछा गया है कि सौम्या चौरसिया पर भूपेश बघेल मौन क्यो है? बार-बार सौम्या चौरसिया की जमानत रद्द हो रही है, वह आपकी उपसचिव रही है ऐसे में कैसे संभव है आप इस भ्रष्टाचार में संलिप्त नहीं है।



**भूपेश बघेल जी बताएं क्या सौम्या चौरसिया आपके लिए वसूली करती थी?- भाजपा**

पत्र में कहा गया है जैसा कि आपको विदित है, आपके शासनकाल में आपकी उपसचिव रही सौम्या चैरसिया पिछ्ले 16 माह से गिरफ्तार है और माननीय न्यायालय ने उनकी जमानत याचिका 16 अप्रैल, 2024 को एक बार फिर खारिज कर दी है। आपके मुख्यमंत्री रहते सौम्या चैरसिया आपकी उप सचिव थी और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों के चलते गिरफ्तार की गई है, ऐसे में अब आपकी यह नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि जनता के इस मुद्दे को लेकर उठ रहे सवालों को जवाब दें।

आपके मुख्यमंत्रित्व काल में आपकी उप सचिव सौम्या चौरसिया क्या आपके कहने पर वसूली करती थी? यह कैसे माना जाए कि भ्रष्टाचार के इस गंभीर मामले में आपकी संलिप्तता नहीं है?

02 दिसंबर, 2022 को जब सौम्या चैरसिया की गिरफ्तारी हुई थी, तब आपने जोर-शोर से कहा था कि यह गिरफ्तारी गलत है, जबरन गिरफ्तारी की गई है और यह सरकार को बदनाम करने की साजिश है। अब जबकि पिछ्ले 16 माह से सौम्या चैरसिया को जमानत तक नहीं मिल रही है, तब प्रदेश को आप बताएँ कि भ्रष्टाचार के इतने गंभीर मामले की आपने पैरवी क्यों की? अपनी उपसचिव सौम्या चैरसिया के मामले में आप अपना मौन तोड़े। ये कुछ सवाल हैं, जिनके जवाब प्रदेश की जनता पूर्व सीएम बघेल से चाहती है। भाजपा नेताओं ने कहा कि भूपेश बघेल पत्र को अन्यथा नहीं लेकर प्रदेश की जनता की भावनाओं का सम्मान करते हुए इन सवालों के जवाब देंगे।

# भारत के लिए आधुनिकता उसका शरीर, आत्मा आध्यात्मिकता : पीएम मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि %भारत के लिए आधुनिकता उसका शरीर है लेकिन उसकी आत्मा तो आध्यात्मिकता ही है।



यदि आधुनिकता से आध्यात्मिकता को हटा दिया जाए तो अराजकता पैदा होगी।

श्री मोदी ने महावीर जयंती के शुभ अवसर पर 2550वें भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव का उद्घाटन के अवसर पर यह बात कही। प्रधानमंत्री ने भगवान महावीर की मूर्ति पर चावल और फूलों की पंखुड़ियों से श्रद्धांजलि अर्पित की और स्कूली बच्चों द्वारा भगवान महावीर स्वामी पर ÷वर्तमान में वर्धमान÷ नामक नृत्य नाटिका की प्रस्तुति देखी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने एक स्मारक डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया।

श्री मोदी ने इस मौके पर उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि भव्य भारत मंडपम आज 2550वें भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव का गवाह है। स्कूली बच्चों द्वारा भगवान महावीर स्वामी पर प्रस्तुत नृत्य नाटिका %वर्तमान में वर्धमान% का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भगवान महावीर के मूल्यों के प्रति युवाओं का समर्पण और प्रतिबद्धता देश के सही दिशा में आगे बढ़ने का संकेत है। उन्होंने जैन समुदाय को उनके मार्गदर्शन और (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# कोर्ट ने पूर्व आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा को एक दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

रायपुर। छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले की एक अदालत ने राज्य में कथित 2000 करोड़ रुपये के शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा को रविवार को एक दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। जांच एजेंसी के वकील सौरभ पांडे ने कहा कि टुटेजा को प्रवर्तन निदेशालय ने शनिवार को गिरफ्तार किया था, लेकिन सातवें सिविल जज (द्वितीय श्रेणी) रंजू वैष्णव की अदालत ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

सुप्रीम कोर्ट द्वारा हाल ही में आयकर विभाग की शिकायत पर आधारित अपनी पिछली एफआईआर को रद्द करने के बाद



ईडी ने कथित शराब घोटाला मामले में एक नया मनी लॉन्ड्रिंग मामला दर्ज किया था। शीर्ष अदालत ने फैसला सुनाया था कि कोई अनुसूचित अपराध नहीं था और इसलिए, मनी लॉन्ड्रिंग का मामला नहीं बनता है।

शराब घोटाले में एंटी करप्शन ब्यूरो रायपुर ने जनवरी में भारतीय दंड संहिता की धारा 420, 467, 471 के साथ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 और 12 के तहत एफआईआर दर्ज की थी। जांच एजेंसी के वकील सौरभ पांडे ने कहा कि पांडे ने कहा, चूंकि आईपीसी और पीसी अधिनियम की ये धाराएं धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत अनुसूचित अपराध के तहत आती हैं, इसलिए ईडी के रायपुर जोनल कार्यालय ने एक नया मामला दर्ज किया। इससे पहले ईडी की टीम ने रिटायर्ड आईएएस ऑफिसर अनिल टुटेजा और उनके बेटे यश टुटेजा को गिरफ्तार किया था। आबकारी घोटाला मामले में पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा और यश टुटेजा अपना बयान दर्ज करवाने के लिए एसीबी और ईओडब्ल्यू कार्यालय पहुंचे थे। इस दौरान ईडी की टीम अनिल टुटेजा और यश टुटेजा को एसीबी और ईओडब्ल्यू ऑफिस से अपनी कार में बैठाकर रवाना हो गई थी। यह कार्रवाई ईडी के छत्तीसगढ़ क्षेत्रीय कार्यालय ने की थी। यह केस हाल ही में जांच एजेंसी ने अपने हाथ में लिया है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# वायु सेना भवन में लगी आग, आठ दमकलों ने पाया काबू

नई दिल्ली। कर्तव्य पथ पर स्थित वायु सेना भवन में रविवार शाम बाहर रखी निर्माण सामग्री में आग लग गई, जिसे अविलंब बुझा दिया गया। भारतीय वायु सेना के निर्माणाधीन भवन में रविवार को अचानक आग लग गई। आग इतनी भयानक थी कि बड़ी-बड़ी लपटें नजर आ रही थी। देखते ही देखते आसपास अफरा-तफरी का माहौल हो गया। घटना की सूचना तुरंत दमकल और पुलिस को दी गई। रकाबगंज से दमकल की आठ गाड़ियां मौके पर पहुंची। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। इस दौरान गोलचक्कर के पास यातायात को रोक दिया गया। दिल्ली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी गई है। प्रथमदृष्टया शॉर्ट शर्किट की चिंगारी से आग लगने की वजह बताया जा रहा है।

कर्तव्य पथ पर स्थित वायु सेना भवन में लगी आग की जानकारी देते हुए अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि दिल्ली फायर सर्विस (डीएफएस) को वायुसेना मुख्यालय में आग लगने की कॉल शाम करीब छ्ह बजे मिली।

डीएफएस प्रमुख अतुल गर्ग ने कहा कि आठ दमकल गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया और आग पर काबू पा लिया गया। आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। रविवार को राष्ट्रीय राजधानी में आग लगने की यह दूसरी घटना है। इससे पहले गाजीपुर लैंडफिल साइट पर भी भीषण आग लग गई थी।

# जो नहीं डरता वो कभी नहीं मरताः मल्लिकार्जुन खड़गे

रांची। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि इस बार हमारा आईएनडीआईए गठबंधन मजबूत है और भाजपा हो, पीएम मोदी हो या कोई भी हमारी शक्ति को तोड़ नहीं सकता।

श्री खड़गे ने रविवार को रांची के प्रभात तारा मैदान में झामुमो की ओर से आयोजित उलगुलान न्याय महारैली में कहा कि भाजपा 500-400 सीटें बोलती रहती हैं। हम इतने मजबूत हैं कि वे हमें डराने की कोशिश कर रहे हैं। हेमंत सोरेन-अरविंद केजरीवाल को जेल में डालकर हमें डरा रहे हैं लेकिन हम डरने वालों में से नहीं हैं। हेमंत सोरेन हिम्मत वाले है। ये धरती महान नायक बिरसा मुंडा, बाबा तिलका मांझी, वीर बुधू भगत, सिदो कान्हो की है मैं उन्हें नमन करता हूं।



उन्होंने कहा कि मोदी ने हमारे दो मुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया। हेमंत सोरेन की कोई गलती नहीं थी फिर भी उन्हें गिरफ्तार किया गया। उनपर दबाव था कि आप आईएनडीआईए गठबंधन में शामिल होंगे, उनसे दोस्ती करेंगे तो जेल जाना होगा। ये वार्निंग भाजपा वालों ने दिया था। उन्होंने कहा कि जो नहीं डरता वो कभी नहीं मरता। आदिवासी उन्हीं में से एक है। वह जंगल में रहते है, अंधेरे में रहते है उसे कोई नहीं डरा सकता। जनता हमारी रक्षक है। देश के लोकतंत्र, संविधान की रक्षक है। इस देश को भाजपा चाहे कितनी भी दबाने की कोशिश करे लेकिन अन्य पार्टियां जिंदा रहेगी।

इस दौरान पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि यह राजनीतिक रैली नहीं है। संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए संकल्प लेने के लिए यहां हम सब इकट्ठा हुए है। दो बहनें सुनीता केजरीवाल और कल्पना सोरेन ने भी महारैली को संबोधित किया है। उन दोनों के पति बहुत लोकप्रिय मुख्यमंत्री रहे है। क्या कसूर है उनका। लोगों को सहूलियत देना चाहते थे। गरीबी मिटाना, बेरोजगारी मिटाना, बिजली, अस्पताल, शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएं देना चाहते थे। उन्हें भाजपा ने तो जेल में डाल दिया। लेकिन उनकी सोच को कैसे कैद करोगे। उन्होंने मंच पर दो खाली कुर्सियों के बहाने भाजपा पर निशाना साधा। साथ ही कहा कि ये दोनों खाली कुर्सियां ही भाजपा की सभी कुर्सियां खाली करा देगी। ये देश 140 करोड़ लोगों का देश है। अगर भाजपा को मोदी की लहर पर भरोसा है तो हेमंत सोरेन और अरविंद केजरीवाल से डरते क्यों हो।

झारखंड मुक्ति मोर्चा के उपाध्यक्ष सह मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि भाजपा झारखंड के इतिहास, अस्तित्व और (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# पहले चरण के मतदान में इंडिया गठबंधन की जीत से हताश मोदी : खडगे-राहुल

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खडगे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले चरण के मतदान में इण्डिया गठबंधन की सुनिश्चित जीत देखकर निराश हैं इसलिए बौखलाहट में देश को भटकाने की कोशिश कर रहे हैं।



श्री खडगे ने कहा 'आज मोदी जी के बौखलाहट भरे भाषण से दिखा कि प्रथम चरण के नतीजों में इंडिया गठबंधन जीत रहा है। मोदी जी ने जो कहा वो हेट स्पीच तो है ही, ध्यान भटकाने की एक सोची समझी चाल है। प्रधानमंत्री ने आज वही किया जो उन्हें संघ के संस्कारों में मिला है।%

उन्होंने कहा सत्ता के लिए झूठ बोलना, बातों का अनर्गल संदर्भ बनाकर विरोधियों पर झूठे आरोप मढ़ना यह संघ और भाजपा की प्रशिक्षण की ख़ासियत है। देश की 140 करोड़ जनता अब इस झूठ के झाँसे में नहीं आने वाली। हमारा घोषणापत्र हर एक भारतीय के लिए है। सबकी बराबरी की बात करता है। सबके लिए न्याय की बात करता है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कांग्रेस का न्याय पत्र सच की बुनियाद पर टिका है पर लगता है तानाशाह की कुर्सी अब डगमगा रही है। भारत के इतिहास में किसी भी प्रधानमंत्री ने अपने पद की गरिमा को इतना नहीं गिराया, जितना मोदी जी ने गिराया है।

श्री गांधी ने कहा पहले चरण के मतदान में निराशा हाथ लगने के बाद श्री मोदी के झूठ का स्तर इतना गिर गया है कि घबरा कर वह अब जनता को मुद्दों से भटकाना चाहते हैं। कांग्रेस के 'क्रांतिकारी मेनिफेस्टो' को मिल रहे अपार समर्थन के रुझान आने शुरू हो गए हैं। देश अब अपने मुद्दों पर वोट करेगा, अपने रोज़गार, अपने परिवार और अपने भविष्य के लिए वोट करेगा। भारत भटकेगा नहीं।




# मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की पार्टी की संसदीय चुनाव में भारी जीत

माले। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की पार्टी ने रविवार को हुए संसदीय चुनाव में भारी जीत हासिल की है. इसके साथ ही मुइज्जू ने संसद पर नियंत्रण हासिल कर लिया. मालदीव के चुनाव आयोग के इलेक्शन डेटा के मुताबिक, मुइज्जू की पीपुल्स नेशनल कांग्रेस ने घोषित पहली 86 सीटों में से 66 सीटें जीतीं. ये 93-सदस्यीय मजलिस या संसद में सुपर-बहुमत के लिए पहले से ही पर्याप्त से अधिक है. मालदीव में रविवार सुबह 8 बजे से लेकर शाम 5.30 बजे तक मतदान हुआ. मालदीव के चुनाव आयोग के अनुसार, वोट देने के लिए योग्य 2,84,663 लोगों में से



2,07,693 लोगों ने वोट डाला. मत प्रतिशत 72 फीसदी रहा. मालदीव के रिसोर्ट, जेल और औद्योगिक द्वीपों पर भी वोट डाले गए. भारत में तिरुवनंतपुरम, श्रीलंका के कोलंबो, मलेशिया के कुआलालंपुर में भी मालदीव चुनाव के लिए वोट डाले गए. मालदीव में 93 संसदीय सीटों के लिए छह पार्टियों के 368 उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे. इनमें मुइज्जू की पार्टी पीपल्स नेशनल कांग्रेस और मुख्य विपक्षी पार्टी मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी समेत 130 निर्दलीय उम्मीदवार भी शामिल हैं.

मालदीव के मीडिया हाउस 'द एडिशन' के (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# रायपुर पहुंचे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह; सीएम विष्णुदेव साय ने की आगवानी, कांकेर में लेंगे चुनावी सभा

रायपुर। छत्तीसगढ़ में अब दूसरे चरण का लोकसभा चुनाव होना है। 26 अप्रैल को राजनांदगांव, कांकेर और महासमुंद लोकसभा सीटों के लिए चुनाव कराये जाएंगे। दूसरे चरण के लिए बीजेपी के स्टार प्रचारकों का छत्तीसगढ़ दौरा हो रहा है। इस क्रम में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह रविवार की रात रायपुर पहुंचे। एयरपोर्ट पर सीएम विष्णुदेव साय ने उनकी आगवानी की। इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने उनका स्वागत किया।

सूत्रों के अनुसार, शाह बीजेपी प्रदेश कार्यालय में आज पार्टी के सीनियर नेताओं की बैठक लेंगे। इसमें वो पीएम नरेंद्र मोदी की 23 अप्रैल को जांजगीर-चांपा और



धमतरी में होने वाली चुनानी सभा को लेकर चर्चा करेंगे। वहीं 24 अप्रैल को अंबिकापुर में पीएम मोदी की सभा को लेकर भी चर्चा करेंगे। इसके अलावा बीजेपी की चुनावी रणनीति पर भी मंथन करेंगे। पीएम मोदी के आने से पहले केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 22 अप्रैल को सुबह साढ़े 10 बजे कांकेर में चुनावी सभा लेंगे।

### आज जेपी नड्डा की तीन सभाएं

दूसरी ओर बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा की सोमवार को छत्तीसगढ़ में तीन जगहों पर चुनावी सभाएं होंगी। इसके तहत वो बिलासपुर लोकसभा सीट के लोरमी में सुबह 10.45 बजे, दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के भिलाई में दोपहर 12.30 बजे और रायपुर लोकसभा सीट के चंद्रखूरी में दोपहर 2 बजे चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे।

### 14 अप्रैल को खैरागढ़ में हुई थी शाह की सभा

इससे पहले शाह 14 अप्रैल को खैरागढ़ में जनसभा ली थी। इस दौरान उन्होंने कहा था कि जिस तरह से हमारे जवानों ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों को मारा। इसी तरह से छत्तीसगढ़ से नक्सलियों का सफाया कर देंगे। कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा था कि भूपेश सरकार में जमकर भ्रष्टाचार हुआ। पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने भ्रष्टाचार के मामले में भगवान को भी नहीं छोड़ा। महादेव एप के नाम पर भ्रष्टाचार किया। अभी भी लोग 508 नहीं भूल पाते हैं। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# मोदी की गारंटी की कोई गारंटी नहीं : तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी

नई दिल्ली। तेलंगाना के ष्टरू रेवंत रेड्डी ने कहा कि उनकी पार्टी कांग्रेस राज्य की 17 लोकसभा सीटों में से 14 सीटें जीतेगी. रेड्डी ने कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में एक अनौपचारिक बातचीत के दौरान संवाददाताओं से कहा, हर दवा की एक समाप्ति तिथि होती है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2024 का लोकसभा चुनाव हार जाएंगे.



मुख्यमंत्री ने यह नहीं बताया कि उनका आत्मविश्वास दक्षिणी राज्य में विधानसभा चुनाव जीतने वाली पार्टी से आया है या नहीं. मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि भाजपा और उसके वैचारिक संरक्षक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) दक्षिणी राज्यों की भलाई और विकास के खिलाफ हैं.

सीएम रेड्डी ने कहा, मोदी की गारंटी की कोई गारंटी नहीं है. उन्होंने विपक्षी बीआरएस को लोकसभा चुनाव में एक भी सीट जीतने की चुनौती दी. बीआरएस द्वारा खोए गए वोटों से भाजपा को फायदा हो सकता है, लेकिन कांग्रेस अभी भी कम से कम 14 सीटें लेने में सक्षम होगी. उन्होंने कहा कि दक्षिणी राज्यों के साथ भेदभाव करने वाली भाजपा और आरएसएस के विपरीत, कांग्रेस पार्टी हमेशा इन राज्यों के नेताओं को प्रमुख कैबिनेट और पार्टी पदों पर नियुक्त करके समावेशी रही है, तब भी जब कांग्रेस ने (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# अब तेज धूप व गर्मी में स्कूल में नहीं तपेंगे बच्चे...
## आज से 30 अप्रैल तक राज्य शासन ने दी छुट्टी



राजनांदगांव (दावा)। इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी के बीच बच्चों को दोनों पालियों में स्कूल जाना पड़ रहा था। तापमान का पारा 43 डिग्री के पार जाने के बावजूद बच्चे सुबह 7 से 11 व दोपहर में 11 से 3 बजे तक स्कूल जा रहे थे। इससे बच्चों को खासी परेशानी उठानी पड़ रही थी।

कई बच्चे चक्कर आने व उल्टी आदि के शिकार हो रहे थे। कुछ स्कूलों में दोपहर 2-3 बजे तक क्लास लगने के कारण घर आते तक बच्चे पक कर लाल हो जा रहे थे। बच्चों की तबियत खराब हो जा रही थी। इससे पालकों की चिंता बढ़ गई थी। तेज धूप व भीषण गर्मी के बीच स्कूल जाने वाले बच्चों को देखकर तथा स्कूलों में तीन-तीन घंटे तपते बच्चों की हालात को देखकर पालकों सहित जागरूक जनों द्वारा इस भीषण गर्मी में स्कूल बंद करने की मांग की जा रही थी। चूंकि अब मतदान भी नजदीक है और शादी ब्याह का मौसम भी बना हुआ है इसे देखते हुए स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आज 22 अप्रैल सोमवार से 30 अप्रैल तक के लिए छुट्टी घोषित कर दी है। इस सूचना से स्कूलों में धूप व गर्मी में तप रहे बच्चों सहित उनके पालकों को राहत मिली है।

### नौ दिनों की छुट्टी

जिला शिक्षा अभय जायसवाल ने बताया कि उपरोक्त परिस्थितियों केचलते राज्य शासन द्वारा आज 22 अप्रैल सोमवार से 30 अप्रैल मंगलवार तक स्कूली बच्चों को छुट्टी दे दी गई है। इस दौरान सप्ताह भर से ज्यादा समय तक स्कूल बंद रहेंगे। उन्होंने बताया कि डीपी आई द्वारा एक आदेश जारी कर डबल शिफ्ट में शालाओं का संचालन करने के लिए कहा गया था। प्रथम पाली में सुबह 7 बजे से 11 बजे तथा दूसरी पाली में 11 से 3 बजे तक स्कूलों का संचालन हो रहा था। जिसके कारण तेज धूप व भीषण के से बच्चों को दिक्कते आ रही थी। गर्मी को लेकर बच्चों की परेशानी की बात उन तक पहुंचने के बाद राज्य शासन द्वारा यह आदेश जारी किया गया है। जिसके तहत आज सोमवार 22 अप्रैल से 30 अप्रैल तक स्कूलों की पूरी तरह छुट्टिया रहेगी। उन्होंन बताया कि इस छुट्टी से चुनाव डयूटी में लगे लोगों को स्कूल कार्य से भी लाभ मिलेगा।

# लखोली नाका क्षेत्र में नलों की धार हुई पतली

**गर्मी में अभी से पानी की होने लगी किल्लत**



राजनांदगांव (दावा)। अभी गर्मी का सीजन पूरी तरह प्रारंभ हुआ है और वार्डों के नलों की धार पतली होने लगी है। लखोली नाका वार्ड नं. 36 सेठी नगर क्षेत्र के नलों में पर्याप्त रूप से पानी नहीं आने के कारण वार्ड की महिलाओं को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। वार्ड की महिलाओं की माने तो सुबह शाम क्षेत्र की नलों से पानी पर्याप्त रूप से सप्लाई नहीं हो रही। इससे निस्तारी से लेकर पेयजल के लिए उन्हें दूसरे स्थानों से पानी लाने की समस्या बनी हुई है। महिलाओं ने बताया कि जब से बर्फ फेक्टरी के पास बनी कालोनी को भरपूर मात्रा में पानी की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है लखोली नाका क्षेत्र के नलों में पानी आना कम हो गया है। इस सम्बंध में जल विभाग के सेवा राम से दरयाफ्त किए जाने पर बताया कि नदी में पानी सूखने के चलते नलों में पानी कम आ रहा है।

### तेजी से हाट रहा जल स्तर

सेवाराम ने बताया कि इन दिनों जिले में पड़ रही भीषण गर्मी की वजह से मोहारा नदी का जल स्तर घट रहा है। यही वही गर्मी की वजह से नदी तालाब कुए व अन्य जल स्त्रोत भी तेजी से सूख रहे है। उन्होंने बताया कि शिवनाथ के मोहारा एनीकट का जल स्तर भी बहुत कम हो गया है। पानी की कमी को देखते हुए नगर निगम ने जल संसाधन विभाग का मोगरा बैराज से पानी छोड़ने के लिए पत्र लिखा है।

बताया जाता है कि भीषण गर्मी की वजह से न केवल शिवनाथ नदी गांवों के तालाब भी तेजी से सूख रहे है। इसके अलावा अमृत मिशन के काम भी पूरा नहीं हुआ है। ऐसे में कई गांवों में पेयजल और निस्तारी की समस्या खड़ी हो गई है। बताया जा रहा है कि लम्बे समय से मोहारा एनीकट के नीचे पानी ही नहीं जा रहा है। ऐसे में शहर के निचली बस्तियों के सामने पेयजल व निस्तारी की समस्या गहराने लगी है। बता दे कि गत माह भर पहले शिवनाथ नदी में पानी कम होने की वजह से मटिया मोती बांध से पानी मगवाया था जिसके चलते महिने भर पानी की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। कहा गया था। जरूरत पड़ने पर मोंगरा बाध से पानी मंगवाने की बात सामने आई थी। आज इस भीषण गर्मी के दौरान शिवनाथ नदी सहित अन्य जल स्त्रोत सुखने की हालत में आने पर मोंगरा बांध से पानी मंगवाने की स्थिति आन पड़ी है। जब तक बांध से पानी नहीं छोड़ा जाता निचली बस्तियों की लोगों को पेयजल किल्लत का सामना करना पड़ेगा।

> शिवनाथ नदी मोहारा में अभी पूरी तरह पानी की कमी नहीं हुई है। भीषण गर्मी के चलते आने वाली परिस्थितियों को देखते हुए मोंगरा बांध से पानी लाने के लिए मांग की गई है।
>
> **अभिषेक गुप्ता**
> **आयुक्त, न.पा.नि. राजनांदगांव**

## पहला कॉलम...

### भाजपा प्रत्याशी संतोष पाडे आज खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र में



राजनांदगाँव(दावा)। भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी संतोष पांडे 22 अप्रैल सोमवार को खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र के आधा दर्जन ग्रामों में जनसम्पर्क करते हुए सभाओं को संबोधित करेंगे।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार भाजपा प्रत्याशी श्री पांडे दोपहर 2बजे खैरागढ़ ग्रामीण मण्डल के ग्राम धनगाँव से अपना जनसम्पर्क अभियान प्रारंभ करेंगे। इसके पश्चात वे ग्राम चिंगरी, जोरातराई, भीमपूरी व बाजार अतरिया पहुचेंगे एवं ग्रामीणों से मुलाकात करते हुए चुनावी सभा के माध्यम से कमल फूल निशान के लिए आशीर्वाद मांगेंगे। फिर वे दोपहर 4.30 बजे खैरागढ़ शहर में आयोजित सघन जनसम्पर्क अभियान में सम्मिलित होंगे। शाम 5.30 बजे से देर रात्रि तक राजनांदगाँव शहर में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की जनसभाओं में शामिल होंगे।

### कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल आज खैरागढ़ जिले में



राजनांदगांव (दावा)। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ भूपेश बघेल खैरागढ़ जिले के ग्रामों में आज 22 अप्रैल को जनसंपर्क करेंगे। छग प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने बताया कि लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल प्रातः 10 बजे गातापर जंगल, टेमरी, गाड़ाघाट, चुगरदा, बैगाटोला, इटार, बरबसपुर, पांडादाह, बेंद्रीडीह, सिंगारघाट, आमदानी, देवरी, मारूटोला, कटंगीखुर्द, विक्रमपुर, बैईहाटोला, कोडेगांव, कुम्ही, पीपला कछार, खमहारडीह, मूढ़ीपार, परसाही, दैहान, भंडारपुर, सिदार खपरी, मुकुंदी खपरी, प्रकाशपुर, जुरला, कलकसा, बल्देवपुर, बढ़ाईटोला, टोलागांव, चिचोला, ताकम, शिकारी, गातापार, चारभाटा, विचारपुर, मरकामटोला में जनसंपर्क करेंगे।

### मतदान के लिए सवैतनिक अवकाश की मंजूरी देने के निर्देश

राजनांदगांव (दावा)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत जिले के सभी औद्योगिक इकाईयों को मतदान दिवस शुक्रवार 26 अप्रैल 2024 को संस्थानों में कार्यरत कर्मचारियों एवं श्रमिकों को सवैतनिक अवकाश की मंजूरी देने के निर्देश दिए हैं। ताकि संस्थानों में कार्यरत कर्मचारी एवं श्रमिक संबंधित मतदान केन्द्र में पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

### चुनाव ड्यूटी से लौट रहे सीआरपीएफ जवानों की बस पलटी, 10 घायल

रायपुर। लोकसभा चुनाव में सुरक्षा देकर लौट रहे सीआरपीएफ जवानों से भरी बस डिलमिली के करीब दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इसमें 10 जवानों के घायल होने की सूचना है, जिनमें से तीन की हालत नाजुक बनी हुई है। हादसा सुबह करीब 10 बजे की बताई जा रही है। घायल जवानों को डिमरापाल अस्पताल रवाना किया गया है।

# नेहरू नगर में सड़क निर्माण के लिए नुकीली गिट्टियां डाल कर छोड़ा



**लोगों की आवाजाही में हो रही परेशानी लोग हो रहे दुर्घटना के शिकार**

राजनांदगांव(दावा)। नगर-निगम के वार्ड नं. 14 नेहरू नगर में माह भर पहले रोड निर्माण के लिए ठेकेदार द्वारा नुकीली गिट्टिया बिछाकर छोड़ दिया गया है। जिससे लोगों को आवाजाही में परेशानी हो रही है। बेतरतीब ढंग से बिछाए गए नुकीली गिट्टिया पैदल चलने वाले लोगों के पैरों को जख्मी कर दे रही है। वही दुपहिया वाहन वाले दुर्घटना के शिकार भी हो रहे है। बताया जाता है कि नेहरू नगर की कुछ महिलाए प्रातः पूजन के लिए बाहर निकलते समय इन नुकीली गिट्यों के कारण अपने पैरों को जख्मी कर चुकी है। दुपहिया वाहन चालकों को इस उबड़-खाबड़ गिट्टियों के चलते हादसे का शिकार होना पड़ रहा है। वाहनों के टायर-ट्यूब क्षतिग्रस्त हो जा रहे है। वार्ड वासियों ने बतायाकि वार्ड पार्षद को फोन लगाने के बाद भी इस ओर स्थान नहीं दिया जा रहा। इसी तरह उक्त रोड निर्माण का ठेका लिए शहर का ठेकेदार भी नेहरू नगर के उक्त सड़क निर्माण की दिशा में ध्यान ही नहीं दे रहा और न पीड़ित वार्ड वासियों के काल का जवाब देना उचित नहीं समझ रहा। इससे वार्ड पार्षद व ठेकेदार के खिलाफ लोगों की नाराजगी बढ़ते जा रही है। वार्डवासियों ने निगम आयुक्त को उक्त सड़क का जल्द ही डामरीकरण किए जाने की मांग की है।

### आचार संहिता की आड़

बताया जाता है कि शहर में साफ-सफाई से लेकर सड़क-बिजली-पानी सहित अन्य समस्याएं मुंह बाए खड़ी है लेकिन कतिपय पार्षद चुनाव आचार काम से हाथ खीच लिए है जबकि कुछ पार्षद रातो रात अपने वार्ड में नए रूप से डामरीकरण का काम धड़ल्ले से करवा रहे है। यह लखोली वार्ड में देखने में आ रहा है। लखोली के कुआ चौक व जैत खाम के समीप कांक्रीटकरण किए हुए सड़क को शानदार डामरीकरण कर चमचमाती हुई, सड़क बना दिया गया है जबकि नेहरू नगर वार्ड नं. 14 की सड़क महिने भर से बेतरतीब ढंग से नुकीली गिट्टिया डाले हुए पड़ी है। सप्ताह भर पहले इस गड्ड-मड्ड मार्ग से हिचकोले खाते निकल रही कार को मुख्य सड़क पर आते एक तेज रफ्तार ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया। गनीमत है कि कार में सवार लोगों को ज्यादा चोटें नहीं आई। हालांकि कार इस हादसे से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुआ। बता दे कि निगम आयुक्त ने गुप्ता वार्डों में चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लेकर इस में गति लाने का निर्देश दे रहे है। वार्डवासियों ने नेहरू नगर अधूरे रोड निर्माण में गति लाने के लिए ठेकेदार को निर्देशित करने हेतु निगम आयुक्त श्री गुप्ता से आग्रह किया है।

# शहर का रानीसागर चौपाटी क्षेत्र हुआ बदबू से बेहाल



- रानी सागर तालाब सहित सर्किट हाउस क्षेत्र में फैली गंदगी
- बदबू से आवाजाही करने वाले के नाक में दम

राजनांदगांव (दावा)। शहर का एकमात्र मनोरंजन व तफरीह के लिए बना रानीसागर वाला चौपाटी स्थल इन दिनों अपनी गंदगी के कारण सर्वाधिक बदबू वाला स्थान बना हुआ है। इस क्षेत्र में रानी सागर के इर्द-गिर्द व सर्किट हाउस के आसपास साफ-सफाई नहीं होने से वहां कचरे की ढेर देखी जा रही है। रानी सागर चौपाटी मे लक्ष्मण झूले के पिछले हिस्से मे जो बाजु से रास्ता है जिधर से वाइडनर स्कूल जाते है वहां बड़ी मात्रा मे मरी हुई मछलियां पानी मे तैर रही है। इससे दुर्गंध उठ रहा है जिसके कारण इसके आसपास में बदबू का माहौल बना हुआ है। इस वजह से यहाँ से लोगों का आवा-जाही करना मुश्किल जा रहा है। इस क्षेत्र के लोगों को मरी हुई मछली की सड़ांध वाली बदबू के कारण नाक मुंह में रुमाल बांधकर निकलना पड़ता है।

रानी सागर तालाब में मछली मरे हुए कई दिन हो गए हैं पर नगर निगम का ध्यान इस ओर नहीं जा रहा। इससे इस क्षेत्र में प्रदूषण का माहौल बना हुआ है। एक तो वैसे ही लोग बदलते मौसम में मलेरिया डेंगू, डायरिया आदि के शिकार हो रहे हैं। ऊपर से रानी सागर चौपाटी क्षेत्र में तालाब में मरी हुई मछली की बदबू लोगों को बेचैन कर देने वाला साबित हो रहा है। यदि इन मरी हुई मछलियों को निकाल कर साफ़ नहीं किया गया तो बदबू के कारण आसपास में प्रदूषण फैला सकता है जिससे लोग संबंधित रोग के शिकार हो सकते हैं।

# गंभीर दिव्यांगता से ग्रसित रामजी ने पहली बार किया होम वोटिंग



**होम वोटिंग से दिव्यांगजनों और बुजुर्ग व्यक्तियों के लिए लोकतंत्र में सहभागी बनना हुआ आसान**
- **होम वोटिंग की सुविधा के लिए निर्वाचन आयोग और मतदान अधिकारियों का किया आभार व्यक्त**

राजनांदगांव (दावा)। ग्राम आसरा निवासी 78 वर्षीय गंभीर दिव्यांगता से ग्रसित रामजी यादव ने घर में बिस्तर पर सहारे से बैठकर मतदान किया। जिले के ऐसे मतदाता जो वोट डालने बूथों तक जाने में सक्षम नहीं हैं, उन तक स्वयं निर्वाचन विभाग की टीम पहुंची है। इसमें से एक व्यक्ति ऐसा भी मिला, जो छोटे उम्र से ही दोनों पैरों से दिव्यांग है जिसके कारण उन्हें मतदान केन्द्र में जाकर मताधिकार का प्रयोग करने में समस्याएं होती थी। राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को है, लेकिन उससे पहले विशेष दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं को होम वोटिंग के तहत मतदान कराया गया। लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत गठित विशेष मतदान दलों द्वारा चिन्हांकित वृद्धजन एवं दिव्यांग मतदाताओं से डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराया गया।

ग्राम आसरा निवासी श्री रामजी के घर मतदान दल पहुंचा तो परिजनों ने मतदान अधिकारियों का अतिथियों जैसा स्वागत किया। सबसे पहले पानी पिलाया और कड़ी धूप को देखते हुए ठंडा शरबत बनाने की इच्छा जानी। श्री रामजी ने बताया कि छोटे उम्र से ही उनका कमर के नीचे का हिस्सा नहीं चल पाता है। वे बिस्तर से नहीं उठ पाते हैं। इसके बावजूद वे प्रत्येक निर्वाचनों में लोकतंत्र में भागीदारी सुनिश्चित करने परिजनों के सहयोग से मतदान अवश्य करते थे। उन्होंने कहा कि बहुत अच्छा हुआ कि निर्वाचन आयोग द्वारा घर पर मतदान करने की सुविधा मिली है। पहले मतदान केन्द्र तक जाने में बहुत समस्याओं का सामना करना पड़ता था। घर पर वोट करने की सुविधा से दिव्यांगजनों और बुजुर्ग व्यक्तियों के लिए लोकतंत्र में सहभागी बनना आसान हो गया है। श्री रामजी ने निर्वाचन आयोग और मतदान अधिकारियों का घर पर मतदान कराने के लिए आभार व्यक्त किया।

# औद्योगिक इकाईयों के कार्यरत कर्मचारियों एवं श्रमिकों को मतदान के लिए किया जा रहा जागरूक



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को पूरा करने के लिए कार्यक्रमों में मतदाता शपथ दिलाई जा रही है। इसी कड़ी में स्वीप कार्यक्रम के तहत जिले में संचालित विभिन्न औद्योगिक इकाईयों के कार्यरत कर्मचारियों एवं श्रमिकों को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार संस्था प्रमुखों को मतदान दिवस को संस्थानों में कार्यरत कर्मचारियों एवं श्रमिकों को सवैतनिक अवकाश देने कहा गया है। कर्मचारियों एवं श्रमिकों को लोकतंत्र में मतदान के महत्व के संबंध में जानकारी दी जा रही है और मतदान तिथि 26 अप्रैल 2024 को मतदान केन्द्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही कर्मचारियों एवं श्रमिकों को मतदाता शपथ भी दिलाई जा रही है।

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेल
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
प्रणव झा प्रॉडक्शन कृत
बी.ए. फाईनल ईयर
छत्तीसगढ़ी भाषा में
कलाकार - मन कुरैशी, दीक्षा जायसवाल, दादू साहू, अंजली चौहान, राजेश बाघमारे, जयंती मनहर आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com




# लोकसभा चुनाव में भाजपा सोशल मीडिया ने ली बढ़त- मितुल कोठारी

ाजनांदगांव' लोकसभा चुनाव में सोशल मीडिया का भी बड़ा महत्वपूर्ण योगदान है भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन जी ने लोकसभा चुनाव कार्यालय में सोशल मीडिया टीम से मुलाकात कर किये जा रहे कार्यों पर चर्चा की एवं सोशल मीडिया टीम की तारीफ की। भाजपा सोशल मीडिया सेल जोर-शोर से सोशल मीडिया में प्रचार कर रही है एवं लोकसभा चुनाव में बढ़त बनाते हुए दिख रही है, सोशल मीडिया में नॉरेटिव सेट करने के लिए विशेष रूप से सोशल मीडिया के प्रदेश संयोजक मितुल कोठारी राजनांदगांव में रुके है एवं जिला मंत्री गिन्नी चावला, लोकसभा संयोजक शशांक ताम्रकार, युवा मोर्चा के आलोक, सोशल मीडिया से जयप्रकाश साहू राजनांदगांव से सोशल मीडिया की मॉनीटरिंग कर रहे हैं।

श्री कोठारी ने बताया की राजनांदगांव लोकसभा में भाजपा के पक्ष में पूरा माहौल है एवं भाजपा के प्रत्याशी संतोष पांडे 2019 से भी बड़ी लीड लेकर चुनाव जीतने वाले हैं और सोशल मीडिया के माध्यम से यह देखा जा रहा है के राजनांदगांव लोकसभा की जनता को मोदी जी की गारंटी एवं विष्णुदेव साय के सुशासन पर पूर्ण विश्वास है और हमारे सोशल मीडिया टीम के कर्मठ कार्यकर्ता सुबह से शाम तक सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्म पर सक्रियता के साथ कार्य कर रहे है। मोदी जी के विकसित भारत निर्माण में योगदान करने वाली जनता बढ़-चढ़कर मोदी गारंटी को अन्य लोगों तक पहुंचा रही है, राजनांदगांव लोकसभा में ऐसे अनेक विषय हैं जिससे आम मतदाता कांग्रेस को वोट नहीं देगी एवं भाजपा की तरफ से सोशल मीडिया में मोदी जी की गारंटी के साथ ही राज्य की भाजपा सरकार ने तीन माह में जो अपने वादे पूरे किये हैं, उसको जनता के बीच ले जाया जा रहा है लोकसभा प्रत्याशी संतोष पांडे के कार्यक्रम एवं उनके द्वारा लोकसभा क्षेत्र में किए गए विकास कार्य को जन-जन तक सोशल मीडिया के माध्यम से पहुंचाया जा रहा है। राजनांदगांव में कांग्रेसियों ने मोदी जी को लाठी मारने की बात कही गई थी, तब सोशल मीडिया के माध्यम से पूरे प्रदेश में भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने में हूँ मोदी का परिवार, पहली लाठी मुझे मार, अभियान चलाया गया था।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार राजनांदगांव लोकसभा चुनाव में सोशल मीडिया प्रचार करने हेतु भाजपा डिजिटल योद्धा की पूरी टीम सक्रियता के साथ लगी हुई है साथ ही कांग्रेस के हर झूठ को बेनकाब कर रही है जिसमें प्रमुख रूप से कांग्रेस द्वारा आम जनता से भराए जा रहे फर्जी फार्म है, भाजपा सोशल मीडिया कांग्रेस द्वारा जारी पत्र जिसमें उल्लेख किया गया है कि हमारे द्वारा इस प्रकार के कोई फॉर्म नहीं भराए जा रहे को जन-जन तक पहुंचा रही है लोकसभा सोशल मीडिया के 300 कार्यकर्ता प्रतिदिन फेसबुक, इंस्टाग्राम एवं व्हाट्सएप के माध्यम से माननीय संतोष पांडे जी का एवं मोदी जी का प्रचार प्रसार कर रहे हैं एवं कांग्रेस के झूठे प्रचार का मुंहतोड़ जवाब दे रहे है लोकसभा चुनाव में कार्टून इन्फोग्राफिक्स रील एवं वीडियो पोस्ट किए जा रहे है जो जनता के बीच अत्यंत लोकप्रिय हो रहे है।

### अशोका बिरयानी का संचालक केके तिवारी गिरफ्तार

रायपुर। तेलीबांधा थाना क्षेत्र के अंतर्गत चल रहे अशोका बिरयानी सेंटर में होटल के दो कर्मचारियों की मौत के मामले में आखिरकार पुलिस ने होटल संचालक को गिरफ्तार कर लिया है। ज्ञात हो कि 18 अप्रैल को होटल अशोका बिरयानी में घटित घटना में होटल संचालक कृष्णकांत तिवारी को गिरफ्तार किया गया है। प्रकरण से जुड़े दो अन्य आरोपी रोमिना मंडल एवं रोहित चंद्र जो वर्तमान में जेल में निरुद्ध हैं। इस मामले में अब तक कई लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। वहीं गिरफ़्तारी शुरु होते ही होटल में पत्रकारों से अभद्रता करते हुए मारपीट करने वाले कुछ लोग फरार हो गए हैं। पुलिस फरार आरोपियों की सरगर्मी से तलाश कर रही है।

**न्यायालय तहसीलदार छुरिया**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**

संदर्भ :- जिला- राजनांदगांव तहसील-छुरिया प.ह.नं.-00020 छुरियाकला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- CT202324421017100013

**ईश्तहार**

तहसील छुरिया के प.ह.नं. 00020 के अंतर्गत ग्राम छुरियाकला के वर्तमान भूमिस्वामी कंवलराम पिता/पति-हीराराम पता-सादेह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 186(0.1820), 187(0.1620), 203/2 (0.2870) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता रामदयाल साहू पिता/पति-कँवलराम पता- के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 22/04/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार छुरिया पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 28/03/2024 को जारी किया जाता है।

**तहसीलदार: VIJAY KOTHARI**
**तहसीलदार छुरिया**

# जो कांग्रेस केवल 225 सीटों पर चुनाव लड़ रही है वो अपना घोषणा पत्र कैसे लागू करेगी - विजय शर्मा



राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पिछला विधानसभा चुनाव में बड़ा खतरनाक चुनाव कवर्धा का रहा, जहाँ पर अकबर और ढेबर की सरकार चल रही थी। कांग्रेस पर हमला बोलते हुए श्री शर्मा ने कटाक्ष किया कि देश में सरकार बनाने के लिए 272 सांसदों की आवश्यकता होती है और कांग्रेस पार्टी लगभग सवा दो सौ सीटों पर चुनाव लड़ रही है। ऐसी स्थिति में कांग्रेस सरकार कैसे बनाएगी, और अब जिनकी सरकार नहीं बनेगी, उनके घोषणा पत्र का भी क्या महत्व है? प्रदेश में श्री विष्णुदेव साय की सरकार ने तीन महीने में ही अद्भुत काम किए हैं। प्रदेश में पहली बार एक आदिवासी मुख्यमंत्री बना है और देश की सर्वोच्च पद राष्ट्रपति के पद पर एक आदिवासी महिला ही देश का सशक्त नेतृत्व कर रही है। प्रदेश में भाजपा की सरकार ने इन तीन महीनों में जितने कार्य किए हैं उतने कार्य आज तक किसी भी सरकार ने नहीं किए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले 10 वर्षों में ऐतिहासिक और क्रांतिकारी कार्य किए हैं। यूक्रेन और रूस के युद्ध में फँसे भारतीय छात्रों को सकुशल भारत लाने का काम मोदी जी की सरकार ने किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अपने दो कार्यकाल में बड़े काम किए हैं और यह तो केवल झाँकी ही है। अभी तो पूरी फिल्म बाकी है। आगामी 26 अप्रैल को कमल के निशान में बटन दबाकर के भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे को प्रचंड मतों से विजयी बनाने की अपील श्री शर्मा ने करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी को, जिन्होंने पूरी दुनिया में भारत देश की सामर्थ्य का डंका बजाया है, तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनाएँ।

राजनांदगाँव लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडेय ने कहा कि आज पूरा देश मोदी जो को प्रधानमंत्री बनाने अपना योगदान दे रहा है राजनांदगांव लोकसभा भी इसमें अधिकतम वोट मोदी जी को देकर रिकॉर्ड कायम करे। श्री पांडे ने कहा छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ने जो कम समय में काम किया है वह ऐतिहासिक है। श्री साय ने मोदी की गारंटी को धरातल पर उतारा। श्री पांडेय ने कहा कि अभी से अमेरिका, फ्रांस, रूस का निमंत्रण श्री मोदी को मिल चुका है। केवल भारत नहीं, बल्कि दुनिया भी जानती है कि भारत में श्री मोदी ही प्रधानमंत्री बनने वाले हैं। कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के शासनकाल के घपलों-घोटालों का जिक्र करते हुए कहा कि किस प्रकार से छत्तीसगढ़ में इन्होंने सत्ता के नाम पर डकैती डाली। आज प्रदेश में सुशासन आया है। राजनांदगांव में भी आप सबके अभूतपूर्व समर्थन से भाजपा के पक्ष में सकारात्मक लहर चल रही है किंतु यह आंधी का रूप ले।

इस अवसर पर साजा विधायक ईश्वर साहू ने भी सभा को संबोधित किया, इस दौरान प्रमुख रूप से क्लस्टर प्रभारी राजेश मूणत, मंत्री लखनलाल देवांगन, राजनांदगांव लोकसभा प्रभारी नारायण चंदेल, संयोजक पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, खूबचंद पारख, पूर्व सांसद त्रय अशोक शर्मा, अभिषेक सिंह, प्रदीप गांधी, प्रदेश महामंत्री भरत लाल वर्मा, दिनेश गांधी, जिला अध्यक्ष रमेश पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू सहित हजारों की संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं आमजन मौजूद रहे।

# चुनाव बहिष्कार के लिए ग्रामीणों का उकसाने वाले आरोपी चढ़ पुलिस के हत्थे



राजनांदगांव (दावा)। पुलिस ने बताया कि 20 अप्रैल को गोविन्द वालको औंधी क्षेत्र में आदिवासियों को आगामी लोकसभा चुनाव को ईव्हीएम मशीन की जगह बैलेट पेपर से कराने के लिए क्षेत्र में भडक़ाने का काम कर रहा था

ईवीएम मशीन की जगह बैलेट पेपर से चुनाव कराने और चुनाव बहिष्कार के लिए ग्रामीणों को उकसाने के जुर्म में पुलिस ने सरखेड़ा निवासी गोविंद पिता नवल वालको के खिलाफ कार्रवाई की है। धारा 151 के तहत गिरतार कर 8 दिन के लिए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। पुलिस ने बताया कि 20 अप्रैल को गोविन्द वालको औंधी क्षेत्र में आदिवासियों को आगामी लोकसभा चुनाव को ईव्हीएम मशीन की जगह बैलेट पेपर से कराने के लिए क्षेत्र में भडक़ाने का काम कर रहा था। जगह-जगह बैठक करके लोगों को ईवीएम मशीन के बारे में अनर्गल बातें कर अनावश्यक भडक़ाने का काम कर रहा था। चुनाव बहिष्कार करने के लिए लोगों को उकसा रहा था।

शनिवार को अंबागढ़ चौकी क्षेत्र के ग्राम गोटाटोला में तो दस मितानिनों के माध्यम से महालक्ष्मी योजना के तहत महिलाओं के फॉर्म भरे जा रहे थे। भाजपा कार्यकर्ताओं की शिकायत पर तहसीलदार व उड़नदस्ता की टीम पहुंचकर जांच की है। टीम ने जांच प्रतिवेदन मोहला एसडीएम को सौंपा है। आगे कार्रवाई की जा सकती है।

# कांग्रेस ने गरीब, आदिवासी, किसान, मजदूर, दलितों की भलाई की है- प्रियंका गांधी

## छत्तीसगढ़ में एक बदलाव की लहर दिख रही है - सचिन पायलट




बालोद (दावा)। बालोद जिले के ग्राम हथौद में कांकेर लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी बिरेश ठाकुर के चुनावी सभा को संबोधित करने के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महामंत्री प्रियंका गांधी पहुंची, जहाँ उनका भव्य स्वागत किया गया।

उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी और शादी का सीजन होने के बावजूद आप इतने लोग मुझे सुनाने आए हैं, उसके लिए मैं आप सभी को धन्यवाद देती हूं, उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर है, आप जैसे लोगों ने ही देश की स्वतंत्रता आंदोलन में हिस्सा लेकर आजादी दिलाई है, आप जान रहे कि देशभर में क्या हो रहा है,,राजनीति कैसे चल रही है, महंगाई दिनों दिन बढ़ती जा रही है, बेरोजगारी की समस्या ज्यादा हो गई है, पेट्रोल, डीजल, गैस के दामों में लगातार दाम बढ़ते जा रहे हैं! महंगाई आसमान छू रही है।

उन्होंने भूपेश सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने किसानों को फायदा पहुंचाया, बिजली बिल हाफ की, आदिवासियों को जमीन का पट्टा दिए गए, बेरोजगारों को भत्ता दिया गया। कांग्रेस की सरकार ने गरीब, आदिवासी, किसान, मजदूर, दलित की भलाई की है। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार आते ही कांग्रेस की जनहित योजनाओं को बंद कर दिया गया, गांव में रोजगार के अवसर से उसे बंद कर दिया गया। गोबर खरीदी बंद कर दी गई, भूमिहीन को पैसा मिलता था उसे बंद कर दिया गया। कौन सी ऐसी सुविधा दी है,जो आपकी मदद के लिए हो, क्या ऐसे में भारत विकसित राष्ट्र बनेगा।

भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में कांग्रेस ने हर गरीब महिला को 25 लाख तक का मुफ्त इलाज की योजना, सरकारी नौकरी में 50 प्रतिशत महिलाओं को आरक्षण दी जाएगी, जो किसान कर्ज में डूब रहे हैं उन्हें उबारा जाएगा उनकी मदद की जाएगी, एम एस सी कानून बंद किए जाएंगे महंगाई बेरोजगारी से निजात दिलाई जाएगी, जल, जंगल, जमीन पर आपका अधिकार रहेगा।

उन्होंने कहा कि भाजपा के छोटे नेता अपने भाषणों में कह रहे हैं, कि आप 400 सीट दे देंगे तो हम संविधान बदल देंगे, वही बड़े नेता कहते हैं कि हम संविधान नहीं बदलेंगे। यह आम जनमानस को धोखे में रख रहे हैं। उनकी पूरी साजिश चल रही है, यह संविधान को बदलना चाहते हैं, और आपके अधिकारों को कमजोर करना चाहते हैं। आप परिवर्तन लाना चाहते हैं तो अपने वोट से अपना अधिकार बदले, अपने वोट को अपना ताकत समझ कर कांग्रेस प्रत्याशी बिरेश ठाकुर को अपना अमूल्य बोल दें।

छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने कहा कि छत्तीसगढ़ में एक बदलाव की लहर दिख रही है, यहां पहले चरण की चुनाव में जो रुझान देखने को मिल रहा है, भाजपा पूरा बैक फुट पर आ गई है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा किया, यह चुनाव देश का चुनाव है, और हमारे लिए एक चुनौती है, देश के संविधान और लोकतंत्र को बचाना है, और आरक्षण को बचाना है, तो हमें कांग्रेस प्रत्याशी को जिताना होगा। सभा को कांकेर लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी वीरेश ठाकुर ने भी संबोधित किया।

छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री भूपेश बघेल ने बालोद जिले के किसान महिला व आम जनता को धन्यवाद देते हुए कहा कि यहां की जनता भाजपा के बहकावे में नहीं आई, जिले की तीन विधानसभा सीट में कांग्रेस के प्रत्याशी को विजयी बनाया इसके लिए सभी धन्यवाद के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि हमारी योजनाओं को एक-एक करके बंद कर दिया जा रहा है, कई लोगों को राशन कार्ड नहीं मिला है, हमारी सरकार ने गरीबों को 35 किलो मुफ्त चावल दे रही थी। अभी केवल 5 किलो चावल दिया जा रहा है, पेट्रोल डीजल के दाम बढ़ गए हैं, महंगाई बढ़ गई है, एक अप्रैल से जमीन खरीदी में वृद्धि कर हो गई है।

उक्त चुनावी सभा में प्रमुख रूप से विधायक श्रीमती संगीता सिन्हा, कुंवर सिंह निषाद श्रीमती अनिला भेड़िया, फूलों देवी नेताम, मोहन मरकाम, अंबिका मरकाम, पूर्व विधायक भैया राम सिन्हा, युवक कांग्रेस अध्यक्ष प्रशांत बोकडे, राष्ट्रीय महासचिव कोको पाडी, कांग्रेस के महिला, युवक कांग्रेस व सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी गण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन राजेश तिवारी एवं आभार प्रदर्शन जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीमती चंद्रप्रभा सुधाकर ने की।

# भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे की धर्मपत्नी रेखा पांडे ने किया जनसम्पर्क, गिनाई उपलब्धियां



राजनांदगाँव (दावा)। भाजपा के प्रत्याशी संतोष पांडे को बड़ी जीत दिलाने हेतु जहाँ भाजपा के बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक के कार्यकर्ता जीजान से जुटे हुए हैं वही भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे की धर्मपत्नी रेखा पांडे भी नियमित रूप से घर-घर पहुंचकर आमजनता से कमल फूल निशान के लिए समर्थन एवं आशीर्वाद मांग रही हैं।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार श्रीमती पांडे ने कल वार्ड क्रमांक 12 के बूथ क्रमांक 91,92 एवं 93 स्टेशन पारा पहुंचकर सघन जनसम्पर्क करते हुए नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में महिला सशक्तिकरण की दिशा में अनेक योजनाएं बनाकर क्रियान्वित की हैं, जिसका सीधा लाभ मातृशक्ति को प्राप्त हुआ हैं। जिसमें प्रमुख रूप से धुंए से मुक्ति दिलाने हेतु उज्जवला गैस योजना, महिलाओं के आत्मसम्मान एवं स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत घर-घर शौचालय का निर्माण कराया, स्वसहायता समूह के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत बालिकाओं को शिक्षित करना जैसे अनेक योजनाए इसका जीता जागता उदाहरण हैं इसी तरह आने वाले लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित किया। प्रदेश सरकार द्वारा महतारी वंदन योजना के तहत प्रत्येक विवाहित महिला को प्रतिमाह एक हजार रुपए प्राप्त हो रहे हैं इससे महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार आएगा। जनसम्पर्क के दौरान प्रमुख रूप से विधानसभा प्रभारी डॉ. रेखा मेश्राम, संगीता गजभिए, संतोषी जोशी, आशा मेश्राम, लता शेंडे, प्रज्ञा यादव, बबली भावे, रुसमकला मेश्राम, मीना डोंगरे, शीला मेश्राम, संतोष गुप्ता, गोविंद राजपूत सहित अनेक कार्यकर्ता एवं लाभार्थी बहने उपस्थित थी।

# डॉ. जे.बी. सिंह मेमोरियल स्कूल में विशेष छूट के साथ प्रवेश प्रारंभ




राजनांदगांव (दावा)। सी.बी.एस.ई बोर्ड की अग्रिम संस्था डॉ जे बी सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी संस्था में वार्षिक परीक्षा परिणाम के पश्चात अभिभावकों में अपने पाल्य को प्रवेश दिलाने हेतु काफी उत्सुकता दिखाई दी इस रुझान को देखते हुए संस्था प्रबंधन द्वारा शिक्षण शुल्क में विशेष छूट (स्कॉलरशिप) की घोषणा की गई हैं। इसमें इस वर्ष प्रवेश लेने पर किसी भी कक्षा में 95 प्रतिशत और उससे ज्यादा अंक लाने वाले विद्यार्थी को शुल्क में 100 प्रतिशत की छूट, 90 से 94 प्रतिशत अंक लाने वाले विद्यार्थियों को 75 प्रतिशत और 85 प्रतिशत से 89 प्रतिशत अंक लाने वाले विद्यार्थी को 50 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी इसी तरह आई सी ऐस ई बोर्ड और सी.जी. बोर्ड में भी यह छूट लागू रहेगी। स्पोर्ट्स में राष्ट्रीय स्तर का सर्टिफिकेट पाने वाले छात्रों को 50 प्रतिशत की विशेष छूट दी जाएगी। अभिभावकों से अनुरोध है कि जल्दी ही आकर इस ऑफर का लाभ उठावें क्योंकि इस आफर में सीटें लिमिटेड हैं।

वरिष्ठ शिक्षाविद् अभिषेक खण्डेलवाल द्वारा बताया गया कि सत्र 2024-2025 में संस्था द्वारा प्रत्येक बच्चो के व्यक्तित्व के विकास के लिए व्यापक एवं उत्कृष्ट स्तरीय कार्य किये जायेंगे। बच्चो के सर्वांगीण विकास के लिए मुख्य विषयों के साथ साथ नए विषयों का समावेश किया गया है। इसी कडी में बच्चो के लिए आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस एवं कोडिंग की नियमित कक्षा लगाई जायेगी। नयी शिक्षा पद्धति की अनुशंसाओं को अक्षरशः अमल में लाया जायेगा, स्किल बेस्ड शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जायेगा।

एकेडमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल ने बताया कि सी.बी.इस.ई. बोर्ड के बच्चों को गर्मी एवं दीपावली की छुट्टियों पर विशेष कोचिंग दी जाएगी। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए विषय विशेषज्ञों द्वारा शाला परिसर में ही निःशुल्क कोचिंग की व्यवस्था की गई है।

# पूर्व सांसदों को निष्क्रिय सांसद के पक्ष रखने का नैतिक अधिकार नहीं - रूपेश दुबे



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने पूर्व सांसद मधुसूदन यादव एवं अभिषेक सिंह के संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि दोनों पूर्व सांसदों को उनकी पार्टी ने जिस प्रकार से टिकट से वंचित रखा और उसके बाद वर्तमान निष्क्रिय सांसद को दुबारा टिकट देकर भाजपा क्या संदेश क्षेत्र की जनता को दी है, इस पर उन्हें आत्म चिंतन करना चाहिए। प्रवक्ता दुबे पूर्व सांसद मधुसूदन यादव के द्वारा चावल के नाम पर गोल-मोल वक्तव्य पर कहा भाजपा प्रति व्यक्ति 5 किलो चांवल भाजपा दे रही थी, उसे कांग्रेस सरकार प्रत्येक परिवार को 35 किलो और उसके बाद प्रति व्यक्ति 7 किलो चावल देने की योजना लागू की थी। चावल और राशन कार्ड भाजपा मात्र चुनावी लाभ लेने के लिए और गरीब जनता के साथ मजाक करती रही है और राजनांदगांव शहर में कुल 32008 परिवार में 22798 परिवार गरीबी रेखा में आते थे, उसके बावजूद 32 हजार से अधिक राशन कार्ड बनाकर गरीबों के हक में डाका डाला गया था। जीपीएस सिस्टम बंद कर नान घोटाला भाजपा के कृत्यों को दर्शाता है। पूर्व सांसद अभिषेक सिंह तो लिखे को भी ठीक से नहीं पढ़ सके, इससे साफ हो गया कि वे केन्द्र सरकार की योजनाओं से अनिभिज्ञ है, उन्हें पहले ये पता करना चाहिए कि उनकी सरकार 4 करोड़ आवास कहा बनाएं, क्योंकि केन्द्र सरकार के खुद के आंकड़ों में 2 करोड़ 95 लाख आवास के लक्ष्य में 2 करोड़ 94 लाख 68 हजार 272 आवास स्वीकृत किए, जिसमें से 2 करोड़ 55 लाख 17 हजार 812 आवास ही पूरे देश में पूर्ण हो पाए है। छग में कांग्रेस सरकार ने भूपेश बघेल के नेतृत्व में 9 लाख 63 हजार 936 आवास जनता को सौंप दिए है, वहीं वर्तमान भाजपा सरकार अपने पहले केबिनेट के निर्णय अनुसार एक भी पीएम आवास हितग्राही को एक रुपया भी केन्द्र सरकार से दिलाने में असक्षम है, जो डबल इंजन की सरकार के दावों की पोल खोल दी है, उसी प्रकार अभिषेक सिंह जनधन खातों की सच्चाई धरातल में पता कर ले कि कितने खाते संचालित है। 25 करोड़ को गरीबी रेखा से ऊपर के दावे करने से पहले 80 करोड़ को निःशुल्क चांवल क्यों देना पड़ रहा है, इस पर थोड़ा चिंतन करें। राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में शौचालय की 12 हजार रूपये हेराफेरी की जांच केंद्रीय एजेंसी क्यों कराने में असक्षम रहे सांसद पांडे जरा उनसे पूछ कर सार्वजनिक करें। 70 साल में देश पर मात्र 55 लाख का कर्ज था, जो 10 वर्षीय मोदी जी के नेतृत्व में 215 लाख करोड़ की कर्ज में देश को डुबोने वाली भाजपा झूठ के साथ राजनीति ना करें।

# राज्यकर सहायक आयुक्त ने ली अधिवक्ताओं एवं सीए की बैठक



राजनांदगांव (दावा)। कार्यालय सहायक आयुक्त राज्यकर द्वारा अधिवक्ता एवं सीए की बैठक में संभागीय उपायुक्त राज्यकर राम नरेश चौहान ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राजनांदगांव वृत को एसजीएसटी संग्रहण का लक्ष्य 139.22 करोड़ प्राप्त हुआ है।

कर संग्रहण में वृद्धि पर चर्चा कर सुझाव लिये एवं बार एवं बेंच मिलकर दिये लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु मिलकर कार्य करने की अपील किये। इस पर अधिवक्ता एवं सीए ने राजनांदगांव वृत में कर संग्रहण को लेकर विस्तृत चर्चा किये। टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल किशोर साहू सचिव सीए सुमित चै चौरसिया, आईसीएआई भिलाई ब्रांच के पूर्व अध्यक्ष सीए प्रफुल्ल कोठारी, सीए सुरेश गांधी, सीएमए शुभम भंसाली द्वारा जीएसटी एवं जीएसटी पोर्टल में आने वाली कठिनाई, व्यापारियों करदाता को होने व्यवहारिक दिक्कतों के संबंध में सहायक आयुक्त राज्यकर श्रीमती कविता ठाकुर को अवगत कराया जिस पर सहायक आयुक्त श्रीमती कविता ठाकुर द्वारा त्वरित आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व अध्यक्ष प्रकाश सांखला, शिवकुमार चौरसिया, हरीश जैन, महेश प्रसाद शर्मा, भागवत साहू, मनमोहन साहू, सुधीर राठी, राहुल जैन, भरत लिल्हारे, पुष्पा रामटेके, यशवंत देशमुख, लक्ष्मीकांत साहू, हिरेन्द्र देवांगन, अक्षय सांखला, मंयक शर्मा, गोविंद सिंहानी, पंकज गंगवानी, लोकेश अग्रवाल, येनेश्वर सिंह, पवन मिश्रा सहित बड़ी संख्या सीए एवं अधिवक्ता सहित अतिरिक्त सहायक आयुक्त लेख राम बंजारी, राज्यकर अधिकारी पंकज श्रीरंगें उपस्थित हुये। बैठक का संचालन वरिष्ट कार्यालय सहायक राज्यकर अविनाश साहू ने किया।

# स्वीप संगोष्ठी में नागरिकों को लोकतंत्र में एक- एक वोट के महत्व से कराया गया अवगत




**○ मतदाताओं को भयमुक्त एवं बिना किसी प्रलोभन के अपने मताधिकार का उपयोग करने किया प्रेरित**

**○ छुरिया नगर पंचायत के विभिन्न क्षेत्रों में स्वीप संगोष्ठी हुआ आयोजित**

राजनांदगांव (दावा)। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में जिले में शत प्रतिशत मतदान करने के लिए स्वीप संगोष्ठी आयोजित कर नागरिकों को लोकतंत्र में एक-एक वोट के महत्व को बताया जा रहा है। जिले में शत-प्रतिशत मतदातओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं नगर पंचायत छुरिया के कर्मचारियों द्वारा छुरिया नगर पंचायत के विभिन्न क्षेत्रों में स्वीप संगोष्ठी आयोजित किया गया। स्वीप संगोष्ठी में नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं नागरिक बड़े उत्साह के साथ भाग लिया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने विभिन्न कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देश पर जिले में स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए व्यापक तौर पर कार्य किए जा रहे हैं।

स्वीप टीम द्वारा स्वीप संगोष्ठी आयोजित कर मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन 2024 के मतदाता जागरूकता संबंधी गतिविधियों से अवगत करते हुए लोकतंत्र के महापर्व के संबंध में जानकारी दी गई। लोकतंत्र के महापर्व में सभी नागरिकों को शामिल होने का आव्हान किया गया। संगोष्ठी में नागरिकों को लोकतंत्र में एक-एक वोट के महत्व से अवगत कराया गया। नागरिकों को देश के लोकतंत्र को और अधिक मजबूत बनाने मतदाताओं को भयमुक्त एवं बिना किसी प्रलोभन के अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। नागरिकों को मतदान के महत्व के संबंध में समझाया गया। लोकतंत्र में संसद की भूमिका के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। सभी नागरिकों को अपने परिवार, रिश्तेदार एवं पड़ोसियों को मतदान के लिए प्रेरित करने कहा गया। संगोष्ठी में नागरिकों को बताया गया कि लोकतंत्र में मजबूती का आधार सिर्फ मतदान होता है। इस उद्देश्य के साथ मतदाता शपथ सभी नागरिकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं कर्मचारी को दिलाया गया। सभी नागरिकों से मतदान केन्द्र में जाकर अपने मताधिकार और कर्तव्य का पालन करने की अपील की गई। स्वीप संगोष्ठी के अवसर पर आंगबाड़ी कार्यकर्ता, कर्मचारी एवं नागरिकों ने मतदाता की शपथ लेकर मोर वोट मोर अधिकार, जागरूक मतदाता ही लोकतंत्र की असली पहचान जैसे नारों से मताधिकार का उपयोग करने संकल्प लिया गया।

# जो समाज जितना अनुशासित होगा उतना ही सुदृढ़ होगा- संत ऋषभ सागर



बालोद (दावा)। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है जिस समाज में हम रहते है उस समाज के प्रति, संस्कृति के प्रति सम्मान का भाव होना चाहिए। समाज एक संगठन होता है और संगठन में शक्ति होती है। जो समाज जितना अनुशासित होगा उतना ही सुदृढ़ होगा।

उक्ताशय के विचार संत ऋषभ सागरजी म सा ने महावीर भवन में चल रही अपनी प्रवचन श्रृंखला में व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आज मर्यादाये भंग हो रही सम्मान के भाव कम हो रहे है। नशे की प्रवृत्ति बढ़ रही है। इनका प्रभाव परिवार पर भी पड़ता है।समाज को इस विषय पर चिंतन करने की आवश्यकता है। दुनिया को बदलने के बजाय स्वयं को बदलना आसान है। अपने अंदर के छोटे छोटे दोषों को दूर कर अपने आप में बड़ा परिवर्तन लाया जा सकता है। अपने देश और समाज के प्रति तथा अपनी संस्कृति के प्रति समर्पण का भाव होना चाहिए। इस हेतु संत श्री ने एक संकल्प दिलवाया जिसका भाव यह था कि हम अपने देश, समाज और संस्कृति का सम्मान करेंगें और आस्था रखेंगे।

# नारी शक्ति का सम्मान भाजपा राज में ही संभव हुआ - संतोष पांडे

**तुमड़ीबोड़, मारगांव, आसरा, में महतारी वंदन योजना का कार्यक्रम संपन्न हुआ**



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के प्रत्याशी संतोष पांडे के चुनाव प्रचार को गति देने के लिए भाजपा महिला मोर्चा में युद्ध स्तर पर महतारी वंदन योजना के कार्यक्रमों का आगाज कर दिया है।

इसी तारतम्य में आज महिला मोर्चा ने तुमड़ीबोड़, मारगांव आसरा के ग्रामों में महतारी वंदन योजना का कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया कार्यक्रम में भाजपा के प्रत्याशी संतोष पांडे ने कहा कि भाजपा ने राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाई है, और 70 साल के कांग्रेस के इतिहास में कभी भी महिला आरक्षण बिल पास नहीं हो सका जिसे भाजपा की मोदी सरकार ने पास करवाया महिलाओं को आरक्षण देकर उनका सम्मान बढ़ाया, सांसद संतोष पांडे ने कहा कि मोदी जी ने कश्मीर से धारा 370 हटकर देश के मुकुट को सुशोभित किया है, पांडे ने कहा कि महिला घर की लक्ष्मी होती है, इसलिए जिस घर में महिलाओं का सम्मान होता है वह स्वर्ग के समान होता है इसलिए भाजपा संस्कारों की बात करती है, और पहले पूजा माता की करती है, रामनवमी के अवसर पर उन्होंने महिलाओं को प्रणाम करते हुए अपनी बात को आगे बढ़ाया और महिला सशक्तिकरण की बात बताई। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार कार्यक्रम में पूर्व सांसद एवं लोकसभा प्रभारी मधुसूदन यादव ने कांग्रेस के घोषणा पत्र पर प्रहार करते हुए घोषणा पत्र को झूठ का पुलिंदा बताया और कहा कि पिछले चुनाव में कांग्रेस ने 500 प्रति महिलाओं को देने का वादा किया था परंतु एक भी महिलाओं के खाते में नहीं डाला गया, इसलिए कांग्रेस से विश्वास खत्म हो चुका है।

लोकसभा सह प्रभारी दिनेश गांधी एवं पूर्व सांसद प्रदीप गांधी ने भी महिला सशक्तिकरण की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की, कार्यक्रम में लोकसभा महिला संपर्क प्रभारी आभा तिवारी ने मेरा बूथ सबसे मजबूत योजना के तहत महिलाओं की वोटिंग प्रतिशत को बढ़ाने पर जोर दिया और कहा कि महतारी वंदन योजना, एवं प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना के तहत महिलाओं को सिलेंडर मिला है, इसलिए मोदी जी को आशीर्वाद स्वरुप 26 अप्रैल को तीसरे नंबर पर बटन दबाकर कमल फूल अवश्य खिलाएं। कार्यक्रम में जागृति यदु, किरण साहू एवं अंजू त्रिपाठी ने समानता का अधिकार एवं भाजपा के घोषणा पत्र के संबंध में लोगों को विस्तार से बताया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मधुसूदन यादव, प्रदीप गांधी, दिनेश गांधी, आभा तिवारी, रामकुमार, किरण साहू, अंजू त्रिपाठी, जागृति यदु, निर्मला सिन्हा, जितेंद्र बंटू जैन, चिंतन लाल ठाकुर, राम सिंह राजू यादव, टीकम पटेल, गुलशन हिरवानी नसीब रात्रि, संध्या साहू, दुर्गा साहू, अमृत साहू, फूलचंद वर्मा, राजेंद्र जैन, तिमेश साहू, चुन्नी यदु, गुलशन हिरवानी, जेठमल लोढा, चन्द्रशेखर वैष्णव, वीरेंद्र साहू जनपद सदस्य, सतीश साहू, कुमारी बाई सरपंच, रामदीन जगने, झब्बू साहू, मदन साहू, जनक साहू, खेमन साहू, गंगा राम चन्द्रवंशी, मोरजध्वज चन्द्रवंशी, पुणेश्वर धामेश्वर गिरधर कोठारी, उमेश यदु, सन्तोष सिन्हा, ओमेश यदु, नंदलाल कुंभकार, संजय चन्द्रवंशी, मोतीराम चन्द्रवंशी, सतानंद दूबे, पुरषोत्तम यादव, सागर वर्मा, नवीन परमार, सुकदेव सिन्हा, संतोष सिन्हा, बंशी साहू, हिरामन चन्द्रवंशी, सुंदर पटेल, सतीश पांडे सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# ओडिशा पुलिस के हत्थे चढ़ी छत्तीसगढ़ की घायल महिला नक्सली सिंधु, मुठभेड़ में हुई थी घायल



रायपुर। बीते 12 अप्रैल के दिन, छत्तीसगढ़ के कांकेर में घटित नक्सली और पुलिस मुठभेड़ में घायल होने के बाद फरार महिला नक्सली मांगो नुरेती उर्फ सिंधु को, 20 अप्रैल की रात, दक्षिण ओडिशा के नवरंगपुर पुलिस की टीम ने गिरफ्तार कर छत्तीसगढ़ पुलिस को सौंप दिया है। गौरतलब है कि इस मुठभेड़ में 29 नक्सलियों की मौत हुई थी, जिसमें से कुछ दुर्दांत नक्सली नेता भी शामिल थे, जिनपर लाखों रुपए का इनाम रखा गया था।

इस बारे में जानकारी देते हुए नवरंगपुर जिला पुलिस अधीक्षक रोहित वर्मा ने बताया है कि छत्तीसगढ़ में घटित मुठभेड़ के बाद नक्सलियों के ओडिशा सीमा में घुस आने की आशंका को देखते हुए शनिवार की सुबह, नवरंगपुर जिला पुलिस की ओर से नक्सल विरोधी अभियान शुरू किया गया।

इस अभियान में डीवीएफ की दो, एसओजी की एक और सीआरपीएफ 12 वीं बटालियन की टीम शामिल रहे। इस अभियान के दौरान शाम के समय छत्तीसगढ़ सीमांत पर स्थित नवरंगपुर जिला के कुंदेई थाना इलाके के एक घर से घायल महिला नक्सली मांगो नुरेती उर्फ सिंधु को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान नवरंगपुर पुलिस को पता चला कि 12 अप्रैल को हुई मुठभेड़ में मांगो उर्फ सिंधु भी शामिल थी और घायल होने के बाद फरार होकर ओडिशा सीमांत के एक गांव में आकर छिपी थी। इस खुलासे के बाद नवरंगपुर पुलिस ने छत्तीसगढ़ के धमतरी जिला पुलिस से संपर्क कर इस बारे में जानकारी देने समेत उसे आगे की कार्रवाई के लिए सौंप दिया।

पूछताछ के दौरान नवरंगपुर पुलिस को पता चला कि छत्तीसगढ़ के धमतरी जिला खल्लारी थाना अंतर्गत एकवारी गांव की मांगो नुरेती वर्ष 2021 में सीतानदी एरिया कमेटी में शामिल हुई थी और नक्सल नेता दीपक मां मांडवी उर्फ अरुण के नेतृत्व में काम करने लगी और इस दौरान विभिन्न नक्सली हिंसा में शामिल रही।

## पहला कॉलम...

### मुरमुंदा में आज हनुमान जयंती पर निकलेगी शोभायात्रा



डोंगरगढ़/मुरमुंदा (दावा)। रुबन ग्राम मुरमुंदा में श्रीराम भक्त युवा समिति द्वारा 22 अप्रैल को हनुमान जयंती मनाया जाएगा। समिति के सदस्य राकेश यादव एवम संदीप कौशिक ने बताया की गांव की हनुमान मंदिर सजाया जा रहा है।

ग्राम में चौक-चौराह में भगवा रंग तोरण द्वारा सजाया जा रहा है। आगे बताया कि 22 अप्रैल सोमवार को गांव में भव्य शोभायात्रा निकाला जाएगा। 23 अप्रैल को हनुमान मंदिर में महाआरती, रक्तदान एवं भंडारा का आयोजन किया गया है।

### ग्राम मुसरा में डॉ. अम्बेडकर जयंती पर अनुयायियों ने संयुक्त रूप से निकाली भव्य रैली




डोंगरगढ़/मुसरा (दावा)। बौद्ध समाज आदिवासी समाज और सतनाम समाज ने संयुक्त रूप से रैली निकाल कर नारेबाजी के साथ धूमधाम से मनाई गई है। अंबेडकर अनुयायियों ने संयुक्त रूप से रैली निकाल कर उत्साहपूर्वक अंबेडकर जयंती मनाई और जय भीम के नारे लगाए। इस अवसर पर आदिवासी समाज के अध्यक्ष प्रेम लाल धुर्वे और हीरा सिंह ठाकुर तथा सतनाम समाज के टुमन लाल बंजारे ने बाबा साहब डॉ अम्बेडकर जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला कार्यक्रम का संचालन राजेश कोचे ने किया। बाद में पोहा जलेबी का वितरण किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में बौद्ध समाज आदिवासी समाज, सतनाम समाज, रजक समाज तथा मरार पटेल समाज के महिला पुरूष उपस्थित रहे।

### महावीर जयंती पर जैन समुदाय ने निकाली शोभायात्रा



अंबागढ़ चौकी (दावा)। अंबागढ़ चौकी में जैन श्री संघ के तत्वाधान में जैन समुदाय के लोगों ने महावीर जयंती धूमधाम से मनाई कार्यक्रम की शुरुआत समता भवन अंबागढ़ चौकी से भगवान महावीर की पूजा अर्चना कर शोभायात्रा नगर के चौक चौराहों से नारे तथा भजन कीर्तन के साथ व्यसन, नशामुक्ति का संदेश दिया रैली वापस समता भवन पहुंची। जहां नानेश चालीसा तथा समता शाखा का कार्यक्रम हुआ उसके पश्चात प्रसादी तथा स्वल्पाहार का आयोजन हुआ। पूरे दिन धार्मिक कार्यक्रम भजन कीर्तन होते रहे। साथ ही प्रीति भोज का भी आयोजन हुआ।

### उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कार्यकर्त्ताओं का बढ़ाया मनोबल



ठेलकाडीह (दावा)। छ.ग. उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं साजा विधायक ईश्वर साहू रविवार को केसीजी जिला के ग्राम ठेलकाडीह पहुंचे। इस दौरान ठेलकाडीह में भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा स्वागत किया गया। शर्मा ने लोकसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं को टिप्स देते हुए उनका मनोबल बढ़ाया। इस दौरान प्रमुख रूप से भोज बंजारे, बलराम जांगड़े, राजेश सेन, शशांक साहू, ललित चोपड़ा, पेमेंद्र चंदेल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### शार्ट सर्किट से आगजनी की घटना

घुमका (दावा)। शुक्रवार 19 अप्रैल को लगभग 6 बजे आजाद चौक वार्ड नं. 8 एक परिवार के मकान में शार्ट सर्किट के वजह से आग लग गयी। आग की सूचना घुमका थाना को करने पर फायर ब्रिगेड के गाड़ी के आते तक मकान एवं घरेलू सामान जलकर राख का ढेर हो गया। यह आगजनी एक मजदूर परिवार मधुकर आ. बाबूलाल वर्मा के घर जलते जलते बाजू वाले घर दुर्गेश आ. स्व. कन्हैया लाल वर्मा के घर में भी आग के लपटे पकड़ लिया। जिसमें घर में रखा गेंहू, चना, मसूर एवं टी.वी., कुलर जलकर राख हो गये। वही दूसरे घर वाले के धान 60 कट्टा, बास 200 नग, बल्ली 200 नग ग्यारह 11 नग जल जाने की जानकारी हल्का नं. 6 पटवारी ने पंचनामा बनाकर 4 लाख की क्षति बताया गया है। साथ ही घुमका थाना में भी रिपोर्ट दर्ज कराया गया है और आपदा राहत प्रबंधन से उचित मुआवजा प्रदान करने की मांग की है।

# युवा वर्ग के कल्याण के लिए मोदी सरकार ने किए अभूतपूर्व कार्य - आलोक श्रोती



राजनांदगाँव (दावा)। भाजपा के प्रत्याशी संतोष पांडे को विजयी बनाने के लिए भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता दिन रात जुटे हुए हैं, नये मतदाताओं को साधने के लिए चाय पर चर्चा के माध्यम से मोर्चा के कार्यकर्ता मोदी जी की योजनाओं से अवगत करा रहें हैं। भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री आलोक श्रोती युवाओं के ऐसे कार्यक्रमों मे सम्मिलित होकर कमल फूल निशान को भारी मतों से विजयी बनाने का आव्हान कर रहें है।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार श्री श्रोती ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अपने 10 वर्षों के कार्यकाल में युवाओं के लिए मुद्रा योजना के माध्यम से रोजगार के नये अवसर प्रदान किया हैं, इसके तहत छोटे एवं माध्यम व्यवसाय के लिए 10 लाख रुपए तक के ऋण मामूली ब्याज दर पर बिना किसी गारंटी के उपलब्ध कराए जा रहे हैं जिससे तहत 34.42 करोड़ लोगों को 18.60 लाख करोड़ रुपए बड़ी धनराशि ऋण स्वरूप उपलब्ध कराई गई हैं, अब भाजपा के संकल्प पत्र मोदी की गारंटी 2024 के तहत यह घोषणा की गई हैं कि आने वाले समय में मुद्रा लोन की राशि 10 लाख रुपए से बढ़ाकर 20 लाख रुपए की जाएगी। जिससे अधिकाधिक युवा वर्ग लाभान्वित होगा एवं स्वयं नौकरी की लालसा ना रखते हुए अपने स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ कर अन्य लोगों को नौकरी देने का कार्य करेगा।

श्री श्रोती ने युवा वर्ग से आव्हान किया कि युवा वर्ग को सशक्त एवं सक्षम बनाने हेतु आवश्यक हैं की हम पुनः देश में मोदी जी की सरकार बनाने का मार्ग प्रशस्त करने हेतु इस लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे को बड़ी जीत प्रदान करें।

### महिलाओं के साथ छल कर रही कांग्रेस-दीपक-अनिल

घुमका (दावा)। लोकसभा चुनाव के आने के बाद कांग्रेस के लोगों द्वारा सलाना 1 लाख एवं महिलाओं की जो महिला समूह से है। उनका कर्ज माफी भी किया जायेगा। बोला था और 500 रू. हर माह देने का वाद भी किया था, जिसे अभी तक दे नहीं पाये, तो अब की बार कैसे विश्वास किया जाये। वही महिलाओं को रेडी-टू-ईट का भी काम अपने लाभांश एजेंसी को दे दिया गया था। लेकिन मोदी जी की पूरा गारंटी है। लोकसभा चुनाव में ऐसी मिठ लबरा और वादाखिलाफी सरकार कांग्रेस को मुंह तोड़ जवाब अवश्य मिलेगें। नरवा गरूवा घुरूवा बाड़ी में भी हजारों करोड़ की लाभांस में खुद अपने लोगों के साथ वारा न्यारा हो गया फिर भी नरवा-गरवा-बाड़ी सब तो घुरूवा हो गया।

# महतारी वंदन सम्मान में महिलाए ले रही हैं बढ़-चढ़ कर हिस्सा - आभा तिवारी



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के प्रत्याशी संतोष पांडे के प्रचार अभियान को गति प्रदान करने भाजपा महिला मोर्चा की लोकसभा प्रभारी आभा तिवारी इन दिनों क्षेत्र में महिला वंदन सम्मान समारोह में पहुंचकर केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के हित में किए गए कल्याणकारी योजनाओं से मातृशक्ति को अवगत कराते हुए उन्हे श्रीफल भेंट कर सम्मानित करने का कार्य कर रही हैं, इसी परिपेक्ष में गत दिवस खैरागढ़ शहर मण्डल के अंतर्गत ग्राम सहसपुर एवं मदराकुही के बूथ क्रमांक 268, 270 में महिला सम्मान कार्यक्रम में सम्मिलित हुई।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार सुश्री तिवारी ने इस दौरान कहा कि भाजपा शासनकाल में महिलाये सुरक्षित एवं सम्मानित हुई हैं, अनेक योजनाओं के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने महिलाओं को लाभान्वित किया हैं। इन लाभान्वित लाभार्थियों के सम्मान के लिए भाजपा गाँव-गाँव में ऐसे सम्मान समारोह आयोजित कर रहें हैं जिसमें महिलाओं की अपार भीड़ उमड़ रही हैं। ऐसे सम्मेलन में महिला मोर्चा द्वारा लाभार्थी महिलाओं को भाजपा का दुपट्टा एवं टोपी पहनकर सम्मानित किया गया। जिससे यह निश्चित हो गया हैं कि इस संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे भारी मतों से विजयी हो रहे हैं।

अब हमे उनके जीत के अंतर को बढ़ाने के लिए मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने हेतु घर-घर संपर्क करके शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करना हैं इसके लिए महिला समूह एवं लाभार्थी बहने अपने-अपने ग्रामों में जनसम्पर्क करें इस दौरान प्रमुख रूप से खैरागढ़-छुईखदान-गंडई की जिला महामंत्री प्रीति यादव, जिला उपाध्यक्ष कीर्ति वर्मा, मण्डल अध्यक्ष गिरिजा चंद्राकर के साथ ही अनेक महिला कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा जिले में स्वीप गतिविधियां आयोजित कर मतदाताओं को मतदान के लिए किया जा रहा प्रेरित




**15 हजार से अधिक महिलाओं ने लिया वोट वचन का शपथ**

राजनांदगांव (दावा)। लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाताओं को जागरूक करने बिहान समूह की महिलाओं ने डोंगरगढ़ में कलश यात्रा निकाली। बिहान समूह की महिलाओं ने कलस यात्रा निकालकर मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान कर लोकतंत्र में जिम्मेदारी सुनिश्चित करने के लिए नागरिकों का आव्हान किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को पूरा करने के लिए कार्य योजना बनाकर लगातार स्वीप कार्यक्रम के तहत लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देशन में बिहान स्वसहायता समूह की महिलाएं गांव-गांव में ग्राम संगठन एवं संकुल संगठन स्तर पर शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए शपथ ग्रहण, रैली, मानव श्रृंखला, कलस यात्रा, रंगोली, मेहंदी, चित्रकला, खेलकूद, नारा लेखन सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर ग्रामीणों को जागरूक कर रहीं हैं। जिले में स्वसहायता समूह की महिलाएं विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण मतदाताओं को मतदान दिवस 26 अप्रैल को मतदान केन्द्र पहुंचकर मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित कर रही है। अविभाजित राजनांदगांव जिले के सभी विकासखंडों में विगत 7 दिवस में ग्राम बागनदी, मोहला, भर्रीटोला, देवरसूर, कुदुम्कासा, जोबटोला, देवकट्टा, रूवाताला, मुसराकला, रामगढ़, आमाटोला, हाथीकन्हार, सांकरदाहरा, उसरीबोड़, मार्कनपुर सहित 89 से अधिक ग्रामों में लगभग 15 हजार से अधिक स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत ग्राम संगठन स्तर पर वोट वचन का शपथ लिया गया और शपथ लेने का कार्य निरंतर जारी है। महिला स्वसहायता समूह की सदस्यों द्वारा मतदान दिवस 26 अप्रैल को लोकसभा निर्वाचन में वोट देकर अपने मताधिकार का उपयोग करने, साथ ही अपने परिवार, रिश्तेदारों एवं पड़ोसियों को शत-प्रतिशत वोट डालने के लिए प्रेरित करने का वोट वचन का शपथ ले रहीं है। महिलाओं द्वारा ग्रामीणों को लोकतंत्र में मतदान के अधिकार तथा मतदान का उपयोग करने के संबंध में ग्रामीणों को प्रेरित और शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है।

# बेलेश्वर महादेव मंदिर में धूमधाम से मनी रामनवमी, हुए विविध आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय स्टेशन पारा मुख्य मार्ग, रेल्वे ओव्हरब्रिज के नीचे स्थित श्री बेलेश्वर महादेव मंदिर में श्रीरामनवमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। बेलेश्वर महादेव मंदिर समिति द्वारा प्रत्येक सनातनी पर्व को धूमधाम से मनाने मुहिम की शुरुआत की गई है। इसी क्रम में नवरात्रि के पहले दिन हिन्दू नववर्ष मनाया गया। इसी क्रम में नवरात्रि के अंतिम दिन श्रीरामनवमी पर्व के दिन विशाल भण्डारा का आयोजन किया गया जो दोपहर 1 बजे आरंभ होकर के रात्रि 10 बजे तक अनवरत चला। उक्त कार्यक्रम में सभी भक्तों को समिति के अमरनाथ यादव द्वारा श्रीहनुमान चालीसा की पुस्तकें वितरित की गई। कार्यक्रम में समिति के देवेन्द्र ठाकुर, संजय खंडेलवाल, देवेश घाटोड़े, मिलिंद रेड्डी, अरविंद चंद्राकर, मिठ्ठू यादव, दिग्विजय श्रीवास्तव, अतुल खंडेलवाल, तरुण घाटोड़े, योगेश निर्मलकर, ललित नामदेवे, यश रेड्डी, व्यंकटेश रेड्डी, अनुष्क कठाने, अमरनाथ इत्यादि भक्तों का विशेष योगदान रहा।

# भारत का संविधान सर्वोपरि इसकी रक्षा करना हम सबका दायित्व - डॉ. लक्ष्मण यादव



डोंगरगढ़ (दावा)। आदर्श बौद्ध महासभा नागसेन बुद्ध विहार ट्रस्ट समिति के नेतृत्व एवं डोंगरगढ़ शहर स्थित बार्ड की विभिन्न बौद्ध समितियों के सौजन्य से आयोजित एक शाम संविधान के नाम कार्यक्रम में प्रखर वक्ता डॉ. लक्ष्मण यादव ने अपने ओजस्वी संबोधन से अंबेडकर अनुयायियों को संविधान की रक्षा के प्रति जागरूक किया। शहर के वार्ड नंबर 2 स्थित लोधी भवन धर्मशाला में कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिकगण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व मुखर प्रवक्ता के रूप में दिल्ली यूनिवर्सिटी के पूर्व प्रोफेसर डॉ. लक्ष्मण यादव तथा सामाजिक कार्यकर्ता संतोष डोंगरे, सुश्री संजू गजभिए, मीना घरडे, अश्विनी फूले, पदमा मेश्राम, अनीता सहारे, वामन कोटॉगले, प्रणय बंसोड़, तरुण टेंबुरकर, चंद्रशेखर बोरकर, डॉ राजेश राउतकर, दुर्गेश सहारे, विद्या कामड़े, शुभम खोब्रागड़े, संतोष कुमार सहारे सहित समस्त बौद्ध समिति के अध्यक्ष भी मंचस्थ थे। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहब के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात स्वागत समारोह का कार्यक्रम किया गया तथा नन्हें बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से कार्यक्रम में जान डाल दी।

**संविधान की रक्षा का दायित्व हम सभी का है- डॉ. यादव**

एक शाम संविधान के नाम कार्यक्रम में उपस्थित बहुजन हितैषी प्रखर वक्ता डॉक्टर लक्ष्मण यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि, भारत का संविधान विश्व का सर्वश्रेष्ठ संविधान कहलाता है जो सभी धर्मो को मानने व अपने-अपने धर्म की उपासना करने का अधिकार देता है। संविधान में हर नागरिक को स्वतंत्र रूप से जीने का अधिकार दिया गया है। यही कारण ही भारत के लोग एक दूसरे के साथ मिल-जुलकर रहते हैं। जो हमारे देश की पहचान है। यही हमारी संस्कृति है और यही हमारी सुंदरता है। इसीलिए इसे अनेकता में एकता का देश कहा जाता है। इस देश को सुंदर बनाने में कई क्रांतिकारी नेताओं ने अपने जान की आहुति देकर इस देश को बनाया है मैं उन तमाम महापुरुषों को नमन करता हूं, जिन्होंने भारत को एक सशक्त राष्ट्र बनाने के लिए दिन-रात एक कर दिया। उन्होंने बताया कि कुछ लोग संविधान को बदलने की बात करते हैं, ऐसे तत्वों से हमें सावधान रहना है। जो हमारा कर्तव्य भी है। और दायित्व भी। संविधान की रक्षा का दायित्व हम सभी का है।

# दमदार संतोष पाडे को भारी मतों से जिताएं, पुनः सांसद बनने पर क्षेत्र का होगा चहुंमुखी विकास - रमेश पटेल



राजनांदगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रमेश पटेल ने कहा है कि ये चुनाव कोई साधारण चुनाव नहीं है, ये बहुत ही महत्वपूर्ण चुनाव है। ये चुनाव देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है। 2047 तक हमारे भारत को विकसित भारत बनाने का चुनाव है, 2029 तक भारत को विश्व की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति बनाने का चुनाव है। भाजपा मीडिया सेल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार श्री पटेल ने कहा कि मोदी जी 140 करोड़ देशवासियों के लिए दिन-रात काम करते हैं। 24 घंटे में 18 घंटे काम करते हैं। वो देश के गांव, गरीब, मजदूर, किसान सबकी चिंता करते हैं। उन्होंने पूरी दुनिया में भारत का मान-सम्मान बढ़ाया हैं और पूरे विश्व में भारत का डंका बजाया हैं । मोदी जी ने अपनी दूरदृष्टि से भारत को आर्थिक स्थिति की दृष्टि से 11वें स्थान से 5वें स्थान पर लाकर गरिमा बढ़ाई है। उन्होंने कहा कि हमें विकसित भारत बनाना है इसलिए मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना जरूरी है। मोदी जी के नेतृत्व में भारत 2029 तक दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनेगा। रमेश पटेल ने कहा कि आप सभी संतोष पांडे को भारी मतों से जिताएं, सांसद के रूप में दिल्ली भेजें और तीसरी बार मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाएं। उन्होंने कहा कि संतोष पांडे बहुत ही लोकप्रिय, बहुत ही दमदार सांसद हैं, जो आप सबकी बातों को दमदारी से संसद में रखते रहें हैं। उन्होंने बताया कि संसद में सर्वाधिक सक्रिय रहने वाले संतोष पांडे ने न केवल राजनांदगांव बल्कि छत्तीसगढ़ की कई समस्याओं को मुखर होकर संतोष पांडे ने संसद में आवाज उठाई और कई ट्रेनों का स्टॉपेज राजनांदगांव में करवाया, साथ ही डोंगरगढ़ से कटघोरा रेल मार्ग की स्वीकृति भी अपने प्रयासों से दिलवाई। संसद में राम मंदिर के ऊपर जारी बहस पर सरकार का पक्ष रखने के लिए मोदी जी ने तीन लोगों को अवसर दिया, जिसमें सांसद संतोष पांडे ने प्रभु श्री राम मंदिर पर अपना पक्ष रखा था, और सनातन धर्म की ओर से अपनी बात रखी थी । छत्तीसगढ़ के सभी 11 सांसदों में सांसद निधि के बजट का सर्वाधिक सक्रियता से उपयोग करने वाले सांसद संतोष पांडे प्रथम स्थान पर रहे हैं, जो उनकी सक्रियता को दर्शाता है।


# पहला कॉलम...

## पुरुष पहलवान बिना ओलंपिक कोटा लिए लौटेंगे

बिश्केक । भारत के पुरुष फ्री स्टाइल पहलवानों के बाद ग्रीको रोमन में भी फ्लॉप शो जारी रहा। रविवार को एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में कोई भी पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल नहीं कर सका। सभी पुरुष पहलवान खाली हाथ लौटेंगे। सुनील (87 किग्रा) ही एकमात्र भारतीय थे जो एक मुकाबला जीतने में सफल रहे वर्ना अन्य तो अपने पहले दौर में ही हारने के बाद बाहर हो गए।

सुनील ने अपने पहले मैच में जापान के प्रतिद्वंद्वी सोह साकाबे को 5-1 से मात दी। लेकिन क्वार्टर फाइनल में उज्बेकिस्तान के जलगासबे बर्डीमुरातोव से 2-4 से हार गए। उन्होंने दो बार खुद को उठाए जाने से बचाया। बल्कि कुछ समय के लिए वह मुकाबले में आगे भी चल रहे थे। लेकिन दो बार उन्हें दिए गए अंकों को वापस ले लिया गया क्योंकि उज्बेकिस्तान के शिविर ने रेफरी के फैसले को चुनौती दी। और अंत में सुनील को बर्डीमुरातोव से हार मिली। अंशु (67 किग्रा) उज्बेकिस्तान के अबरोर अताबाएव से क्वालीफिकेशन मुकाबला तकनीकी श्रेष्ठता से दो मिनट से भी कम समय में हार गए। सुमित (60 किग्रा), विकास (77 किग्रा), नीतेश (97 किग्रा) और नवीन (130 किग्रा) भी पहले ही दौर में हार गए। ग्रीको रोमन पहलवानों ने पिछली बार ओलंपिक में 2016 में हिस्सा लिया था जब रविंदर खत्री और हरदीप सिंह रियो ओलंपिक में खेले थे।

## अभ्यास के दौरान दो जापानी सैन्य हेलीकॉप्टर क्रैश, एक सदस्य की मौत; सात लापता



टोक्यो। टोक्यो के दक्षिण में प्रशांत महासागर में दो जापानी मिलिट्री हेलीकॉप्टर ट्रेनिंग एक्सरसाइज के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गए। दो हेलीकॉप्टरों में आठ चालक दल के सदस्य सवार थे। जापानी मीडिया के अनुसार, रक्षा मंत्री किहारा माइनोरू ने रविवार को बताया कि एक सदस्य को बचा लिया गया, लेकिन बाद में उसे मृत घोषित कर दिया गया। चालक दल के सात अन्य सदस्य लापता हैं, जिनकी तलाश जारी है। मंत्रालय ने कहा कि पनडुब्बियों का मुकाबला करने के अभ्यास के दौरान शनिवार देर रात दो एसएच-60के हेलीकॉप्टरों से संपर्क टूट गया। मंत्रालय ने इस संभावना से इंकार नहीं किया कि दो विमान प्रशांत महासागर में टोक्यो के दक्षिण में इजू द्वीप समूह के पूर्व में एक क्षेत्र में हवा में टकरा गए होंगे। हेलीकॉप्टरों में चार-चार सदस्य सवार थे। फिलहाल, लापता सदस्यों को तलाश जारी है।

## वेस्ट बैंक में चल रहे इजरायली ऑपरेशन में 14 फिलिस्तीनी मारे गए

रामल्लाह। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि तुल्कर्म शहर और उत्तरी वेस्ट बैंक के शरणार्थी शिविर में लगातार तीसरे दिन चल रहे इजरायली सैन्य अभियान के दौरान कम से कम 14 फिलिस्तीनी मारे गए हैं। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने भेजे एक प्रेस बयान में कहा, मारे गए 14 फिलिस्तीनियों के शवों को शहर के पूर्व में नूर शम्स फिलिस्तीनी शरणार्थी शिविर से तुल्कर्म अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने कहा, इजरायली सेना सैन्य बुलडोजरों के साथ शिविर में घुस गई, कड़ी घेराबंदी की और मुख्य सड़कों, बुनियादी ढांचे, आवासीय घरों और दुकानों को ध्वस्त कर दिया।

## मेसी के दो गोल से इंटर मियामी ने नैशविले को हराया

फोर्ट लॉडरडेल ,21 अप्रैल । अर्जेंटीना के सुपरस्टार लियोनल मेसी के दो गोल से इंटर मियामी ने मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) में नैशविले एससी पर 3-1 से जीत दर्ज की। मियामी के डिफेंडर फ्रैंको नेरी के दूसरे मिनट में आत्मघाती गोल से नैशविले एससी ने बढ़त बनाई। फिर इंटर मियामी के लिए सर्गियो बुस्कुवेट्स ने पहला गोल दागा। मेसी ने 11वें मिनट में अपना पहला गोल दागा जिसके बाद 39वें मिनट में बुस्कुवेट्स ने गोल कर टीम को 2-1 से आगे किया। मेसी ने फिर 81वें मिनट में पेनाल्टी किक पर दूसरा गोल किया। इन दो गोल से मेसी के एमएलएस में कुल सात गोल हो गए हैं।

# गुजरात टाइटंस ने पंजाब किंग्स को तीन विकेट से हराया



मोहाली। साई किशोर, नूर अहमद और मोहित की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद कप्तान शुभमन गिल (35) और राहुल तेवतिया के नाबाद 36 रनों की पारियों की बदौलत गुजरात टाइटंस ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 37वें मैच में पंजाब किंग्स को तीन विकेट से हरा दिया है। गुजरात की आठ मैचों में यह चौथी जीत है।

143रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात टाइटंस की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने चौथे ओवर में ऋद्धिमान साहा (13) रन का विकेट गवां दिया। इसके बाद कप्तान शुभमन गिल और साई सुदर्शन ने पारी को संभाला। गिल ने 29 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 35 रन बनाये। वहीं साई सुदर्शन ने तीन चौके लगाते हुए 31 रन बनाये। डेविड मिलर (4), अजमतउल्लाह उमरजई (13), शाहरुख़ खान (8), राशिद खान (3) रन बनाकर आउट हुये। राहुल तेवतिया ने 18 गेंदों में सात चौके लगाते हुए नाबाद 36 रन बनाये। गुजरात ने 19.1 ओवर में सात विकेट पर 147 रन बनाकर मुकाबला तीन विकेट से जीत लिया।

पंजाब किंग्स की ओर से हर्षल पटेल ने तीन विकेट लिये। लियम लिविंगस्टन ने दो बल्लेबाजों को आउट किया। अर्शदीप सिंह और सैम करन को एक-एक विकेट मिला।

इससे पहले प्रभसिमरन सिंह (35) और हरप्रीत बराड़ (29) रनों की पारियों के दम पर पंजाब किंग्स ने गुजरात टाइटंस को जीत के लिए 143 रनों का लक्ष्य दिया है।

आज यहां महाराज यदविंद्र सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पंजाब किंग्स के कप्तान सैम करन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पंजाब की कप्तान सैम करन और प्रभसिमरन सिंह की सलामी जोड़ी अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिये 52 रन जोड़े। छठे ओवर में मोहित ने प्रभसिमरन सिंह को आउट किया। प्रभसिमरन सिंह ने 21 गेंदों में तीन चौके और तीन छक्के की मदद से टीम के लिए सर्वाधिक 35 रन बनाये। इसके बाद गुजरात के गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के आगे पंजाब के लगातार विकेट गिरते रहे। छठे ओवर में ही राइली रुसो (9) रन बनाकर पवेलियन लौट गये। जितेश शर्मा (13), लियम लिविंगस्टन (6), शशांक सिंह (8), आशुतोष शर्मा (3), हरप्रीत सिंह (14), हर्षल पटेल (शून्य) और हरप्रीत बराड़ 12 गेंदों में चार चौकों और एक छक्के की मदद से 29 रन बनाकर आउट हुये। पंजाब की पूरी टीम 20 ओवर में 142 रन पर सिमट गई।

गुजरात की ओर से साई किशोर ने चार विकेट लिये। नूर अहमद और मोहित शर्मा ने दो-दो विकेट लिये। राशिद खान को एक विकेट मिला।

# रोमांचक मुकाबले में आखिरी गेंद पर जीती केकेआर



नई दिल्ली। आईपीएल 2024 के 36वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 1 रन से हरा दिया। केकेआर ने पहले बैटिंग करते हुए 222 रनों का स्कोर खड़ा किया। दूसरी ओर आरसीबी की शुरुआत अच्छी नहीं रही। चार ओवर के अंदर विराट कोहली और फाफ डु प्लेसिस आउट हो गए। विराट ने 18 और डु प्लेसिस 7 रन बना सके। विल जैक और रजत पाटीदार के बीच तीसरे विकेट के लिए 102 रनों की साझेदारी हुई।

### विल जैक और रजत पाटीदार ने जड़ा अर्धशतक

बेंगलुरु के लिए विल जैक ने 32 गेंदों में 55 रन बनाए। जिसमें चार चौके और पांच छक्के शामिल रहे। उनके अलावा रजत पाटीदार ने 23 गेंदों में 52 रन की पारी खेली। 13वें ओवर में सुनील नरेन ने दो विकेट लेकर मैच पलट दिया। 11वें ओवर के बाद आरसीबी का स्कोर 137/2 था, लेकिन अगले 2 ओवर में टीम ने 4 विकेट खो दिए। जिससे मैच केकेआर की तरफ झुक गया। 13 ओवर के बाद आरसीबी का स्कोर 6 विकेट के नुकसान पर 155 रन था। इम्पैक्ट प्लेयर सुयश प्रभुदेसाई मैदान में आए। 16वें ओवर के बाद टीम टीम का स्कोर 181 था। टीम को जीत के लिए 24 गेदों पर 42 रनों की जरूरत थी। प्रभुदेसाई और दिनेश कार्तिक क्रीज पर थे।

### 0 कर्ण ने 3 छक्के लगाकर मैच को रोमांचक बना दिया

बेंगलुरू को आखिरी 2 ओवर में 31 रनों की जरूरत थी। 19वें ओवर की आखिरी गेंद पर दिनेश के आउट होने से टीम की जीत की संभावना खत्म हो गई। आखिरी ओवर में 21 रन चाहिए। कर्ण शर्मा ने मिचेल स्टार्क की गेंदों पर 3 छक्के लगाकर मुकाबले को रोमांचक मोड पर खड़ा कर दिया। 5वीं गेंद पर कर्ण आउट हो गए। आखिरी बॉल पर आरसीबी को 3 रन चाहिए थे। नए बल्लेबाज लॉकी फर्ग्यूसन दूसरा रन लेने के प्रयास में रन आउट हो गए। जिससे बेंगलुरु 1 रन हार गई।

## बलराज नौकायन में पेरिस ओलंपिक का टिकट पाने वाले पहले भारतीय



नई दिल्ली । बलराज पंवार ने रविवार को दक्षिण कोरिया के चुंग्जू में विश्व एशियाई और ओसनियाई ओलंपिक एवं पैरालंपिक क्वालीफिकेशन रेगाटा में पुरुष एकल स्कल स्पर्धा में तीसरे स्थान पर रहकर भारत को नौकायन में पहला पेरिस ओलंपिक कोटा दिलाया। वह 7¬01.27 मिनट का समय निकालकर 2000 मीटर रेस में तीसरा स्थान पर रहे। हरियाणा के करनाल के पंवार ने धीमी शुरुआत के बाद दबदबा बनाया। कजाखस्तान के व्लादिस्लाव याकोवलेव (6¬59.46) ने स्वर्ण और इंडोनेशिया के मेमो मेमो ने दूसरा स्थान हासिल किया।

लाइटवेट डबल स्कल्स में चूके ¬ पुरुष एकल स्कल में शीर्ष पांच नौकाचालक ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करते हैं। लाइटवेट डबल स्कल्स में देश क्वालीफाई नहीं कर सका। भारत ने पिछले टोक्यो ओलंपिक में इस स्पर्धा में हिस्सा लिया था। उज्जवल कुमार और अरविंद सिंह की भारतीय जोड़ी तीसरे स्थान पर रही जबकि इसमें शीर्ष दो जोड़ी कोटा हासिल करती हैं।

## मनु-अनीश ने दोनों ट्रायल जीते, ओलंपिक का दावा मजबूत किया



नई दिल्ली । भारतीय स्टार निशानेबाज मनु भाकर और अनीश भानवाला ने ओलंपिक चयन ट्रायल एक और दो में क्वालिफिकेशन राउंड में शीर्ष पर रहते हुए ओलंपिक के लिए अपना दावा मजबूत कर लिया है। यहां डॉ. कर्णी सिंह निशानेबाजी परिसर में जारी ट्रायल में मनु ने 'टी2 क्वालीफिकेशन में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल में 585 का कुल स्कोर हासिल किया और पांच महिला निशानेबाजों में शीर्ष पर रहीं।

उन्होंने शनिवार को पहला ट्रायल भी जीता था। ईशा दूसरे स्थान पर देश के लिए कोटा हासिल करने वाली मनु के बाद ईशा सिंह 581 के साथ दूसरे स्थान पर रहीं जबकि सिमरनप्रीत कौर बराड़ 577 के साथ तीसरे स्थान पर रहीं।

अभिदन्या अशोक पाटिल (572) चौथे स्थान पर रही जबकि कोटा हासिल करने वालीं रिदम सांगवान 566 अंक के साथ पांचवें पायदान पर रहीं। विजयवीर दो अंक से पिछड़े ¬ पुरुषों के 'टी2 क्वालीफिकेशन में अनीश ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए 582 अंक के साथ जीत दर्ज की।

## ओलंपिक से पहले शिविर अपनी कमियां दूर करेगी हॉकी टीम

नई दिल्ली । पेरिस ओलंपिक से पहले अपनी कमियों को दूर करने के लिए हॉकी इंडिया ने रविवार को पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 28 सदस्यीय कोर संभावित ग्रुप की घोषणा की है। शिविर बेंगलुरु के साई केंद्र में रविवार से शुरू होकर 13 मई तक चलेगा। हरमनप्रीत सिंह की अगुआई वाली टीम को ऑस्ट्रेलिया दौरे में पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में 0-5 हार मिली थी। उसके बाद यह यह पहला शिविर है।

शिविर के बाद टीम एफआईएच प्रो लीग के अपने अगले दो चरण के लिए बेल्जियम और लंदन की यात्रा करेगी जो 22 मई से नौ जून तक होगी। इसमें उसका सामना अर्जेंटीना, बेल्जियम, जर्मनी और ब्रिटेन से होगा। मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा, हम शिविर में ट्रेनिंग का महत्वपूर्ण चरण शुरू करना चाहते हैं। हमें सुनिश्चित करने की जरूरत है कि ओलंपिक से पहले हम सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में हों। हमारे पास कुछ युवा खिलाड़ियों के साथ अनुभवी खिलाड़ियों का अच्छा ग्रुप है। ऑस्ट्रेलिया दौरे से हमें यह समझने में मदद मिली कि हमें कहां काम करने की जरूरत है। मेरा हमेशा मानना है कि हम अपनी कमियों पर काम कर सकते हैं। प्रो लीग के अंतिम चरण और पेरिस से पहले चीजों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं। संभावित कोर ग्रुप- गोलकीपर- कृष्ण बहादुर पाठक, पीआर श्रीजेश, सूरज करकेरा।

## ज्योतिष चमत्कार ( 22 अप्रैल 2024 )

**कल्याण**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | 20 | 36 | 48 | 52 |
| मंगल | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | 34 | 46 | 54 | 60 |
| बुध | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | 42 | 56 | 68 | 74 |
| गुरू | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | 58 | 64 | 76 | 82 |
| शुक्र | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | 62 | 78 | 84 | 98 |
| शनि | 7 | 8 | 9 | 0 |
| | 70 | 86 | 96 | 02 |

**राजधानी नाईट**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 7 | 8 | 9 | 0 |
| | 79 | 87 | 91 | 01 |
| मंगल | 8 | 9 | 0 | 1 |
| | 85 | 93 | 03 | 19 |
| बुध | 9 | 0 | 1 | 2 |
| | 95 | 07 | 17 | 23 |
| गुरू | 0 | 1 | 2 | 3 |
| | 09 | 15 | 25 | 39 |
| शुक्र | 1 | 2 | 3 | 4 |
| | 13 | 29 | 37 | 43 |

| कल्याण | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अंकों का बादशाह | 8 | | | |
| सप्ताह का वरदान | 7 | | | |
| सप्ताह में अचूक | 1 | 2 | 3 | 6 |
| स्पेशल | 14 | 25 | 39 | 60 |

| राजधानी नाईट | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अंकों का बादशाह | 1 | | | |
| सप्ताह का वरदान | 4 | | | |
| सप्ताह में अचूक | 5 | 6 | 9 | 0 |
| स्पेशल | 52 | 63 | 97 | 08 |

**सप्ताह में देखें** (कल्याण)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 13 | 15 | 17 | 19 |
| 2 | 21 | 23 | 25 | 29 |
| 3 | 31 | 35 | 37 | 39 |
| 4 | 41 | 43 | 45 | 47 |
| 5 | 51 | 53 | 57 | 59 |
| 6 | 63 | 65 | 67 | 69 |
| 7 | 71 | 73 | 75 | '79 |
| 8 | 81 | 85 | 87 | 89 |
| 9 | 91 | 93 | 95 | 97 |
| 0 | 01 | 03 | 07 | 09 |

**सप्ताह में देखें** (राजधानी नाईट)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 12 | 14 | 18 | 10 |
| 2 | 24 | 26 | 28 | 20 |
| 3 | 32 | 34 | 36 | 30 |
| 4 | 42 | 46 | 48 | 40 |
| 5 | 52 | 54 | 56 | 58 |
| 6 | 62 | 64 | 68 | 60 |
| 7 | 74 | 76 | 78 | '70 |
| 8 | 82 | 84 | 86 | 80 |
| 9 | 92 | 96 | 98 | 90 |
| 0 | 02 | 04 | 06 | 08 |

**अंक आपके पत्ते हमारे**

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 128 | 138 | 148 | 149 | 140 | 123 | 160 | 134 | 234 | 127 |
| 245 | 129 | 238 | 130 | 230 | 150 | 250 | 233 | 379 | 136 |
| 489 | 237 | 490 | 239 | 357 | 259 | 278 | 279 | 225 | 280 |
| 290 | 570 | 670 | 680 | 456 | 349 | 458 | 260 | 270 | 479 |
| 344 | 228 | 355 | 789 | 339 | 790 | 449 | 125 | 126 | 677 |

**बीते चार सप्ताह के रिकार्ड**

कल्याण

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| XX | 97 | 55 | 39 | 08 | 91 |
| 96 | 64 | 97 | 41 | 49 | 36 |
| 44 | 32 | 88 | 83 | 64 | 67 |
| 46 | 97 | 52 | 81 | 02 | 04 |

राजधानी

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| XX | 18 | 31 | 83 | 55 |
| 48 | 14 | 91 | 77 | 09 |
| 43 | 41 | 54 | 02 | 63 |
| 16 | 40 | 32 | 80 | 13 |

**2023 के रुके जोड़ भाव**

कल्याण 2023- -21-23-09

राजधानी नाईट 2023 -35-50-62-66-

चेतावनी :- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

## प्रथम पेज का शेष

*0 प्रियंका गांधी का पीएम पर तंज....*

जल-जंगल-जमीन पर सबका अधिकार है। संविधान हमारे अधिकार की रक्षा करता है। भाजपा के कुछ नेता कह रहे कि 400 सीट मिल जाये तो हम संविधान को बदलेंगे और मंच पर बड़े नेता आते है तो कहते है हम संविधान को नहीं बदलेंगे, तो जनता क्या सोचे। यह भाजपा की साजिश है। भाजपा लोगों के अधिकारों को कमजोर करना चाहती है। इसी संविधान आपको वोट करने का अधिकार, आदिवासियों के संस्कृति को बचाकर रखा। मोदी जी उद्योगपतियों का कर्जा माफ करते है, पर किसानों का कर्जा माफ नहीं करते। किसान आंदोलन करते है तो उन पर कानून लगा देते है, जिससे किसान पीसेगा ओर बड़े-बड़े उद्योगपतियों का फायदा होता है। देश की बिजली, सड़के, हवाई अड्डे ये सब दो बड़े उद्योगपतियों को सौंप दिये गये है। सरकार तो सिर्फ उद्योगपतियों के लिये हैं। कांग्रेस ने जो गारंटी दी है वह सब पूरी होगी। इसलिये आप अपने वोट को सोच समझ कर डालिए अपने वोट को अपनी ताकत बनाईये और इस देश में बदलाव लाइये।

कांग्रेस के छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट ने सभा को संबोधित करते हुये कहा कि छत्तीसगढ़ और देश में बदलाव की लहर दिख रहा है। देश में हुये प्रथम चरण के मतदान का जो रूझान दिखने को मिल रहा है भाजपा बैक फुट में आ गयी है। प्रियंका गांधी पूरे देश में पार्टी के लिये चुनाव प्रचार कर रही है। प्रियंका गांधी जो को एहसास हो रहा है पूरा देश बदलाव चाहता है। मोदी जी के 10 साल के सरकार ने सिर्फ जुमले और वादे दिये है, जबकि कांग्रेस ने मनरेगा, खाद्य का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, जैसे कानून दिए, वहीं भाजपा किसानों पर तीन काले कानून थोपने, नोटबंदी, जीएसटी लगाने का काम किया है। भाजपा और मोदी जी अपने लिए 15 साल मांग रहे और युवाओं को 4 साल में रिटायरमेंट दे रही है, इसलिए कांग्रेस पार्टी ने वादा किया है, संकल्प लिया है किसानों के हित के लिये कानून बनायेंगे, हर गरीब परिवार के महिलाओं को 1 लाख प्रतिवर्ष देंगे। 30 लाख नौकरियां देंगे, युवाओं को आगे लेकर जायेंगे। भाजपा बोलती है 400 पार। जब 4 तारीख को रिजल्ट आयेगा तो भाजपा दक्षिण से साफ, और उत्तर से हाफ, भाजपा का अहंकार टूटेगा। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की मेहनत रंग लायेगी।

पूर्व मुख्यमंत्री एवं लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल ने सभा को संबोधित करते हुये कहा कि पांच साल पहले जब राहुल गांधी जी आये थे। 2018 में तब किसानों से वादा किया था, किसानों का कर्जा माफी होगा, 2500 प्रति क्विंटल में धान खरीदी होगा, 35 किलो राशन सभी परिवार को मिलेगा और बिजली बिल हाफ सब को मिलेगा। केंद्र सरकार के अडंगा के बावजूद भी, करोना काल के बावजूद भी कांग्रेस के छत्तीसगढ़ सरकार किसान, मजदूर, गरीब, महिला, नौजवान के साथ खड़े थे। 2023 के विधानसभा चुनाव में कोई नहीं सोचे थे कि कांग्रेस की सरकार नहीं बनेगा, लेकिन 2023 में हमारी सरकार नहीं बनी। भाजपा के सरकार 4 महीना में कांग्रेस सरकार की योजना को एक-एक करके बंद कर रहे है, जब से विष्णु देव साय के सरकार बने हे तब ले साय-साय सब कटौती हो रहा है। सबसे पहली गोबर खरीदी बंद हुआ साय-साय, रीपा बंद हो गया। राजीव मितान क्लब बंद हो गया। बेरोजगारी भत्ता बंद हो गया। भूमिहीन श्रमिक के पैसा मिलना बंद हो गया। आवास नहीं मिल रहा है, पहली किस्त के बाद दूसरा किस्त मिलना बंद हो गया। एक अप्रैल से जमीन की रजिस्ट्री बढ़ गया। दारू की कीमत बढ़ गया साय-साय सरकार चल रहा है। जब से साय की सरकार बने है राशन कार्ड आधे लोगों को मिला है, आधे को नहीं मिला है। जब से साय सरकार बना है, तब से लूटने का काम किया है। भारत सरकार के द्वारा पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस के दाम बढ़े है। सभा को विधायक कवासी लखमा, प्रदेश महामंत्री लोकसभा प्रभारी शाहिद भाई, पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, पूर्व विधायक प्रकाश यादव, शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने संबोधित किया। सभा का संचालन प्रदेश प्रवक्ता रुपेश दुबे ने आभार जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने किया।

*0 भारत के लिए आधुनिकता उसका शरीर....*

आशीर्वाद के लिए धन्यवाद दिया और जैन समुदाय के संतों को नमन करने के साथ-साथ सभी नागरिकों को महावीर जयंती की शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री ने आचार्य श्री विद्यासागरजी महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित की और आचार्य के साथ अपनी हाल ही में हुई मुलाकात को याद करते हुए कहा, उनका आशीर्वाद अभी भी हमारा मार्गदर्शन कर रहा है।

*0 कोर्ट ने पूर्व आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा ....*

बता दें कि एसीबी और ईओडब्ल्यू ने शराब घोटाला केस में अनिल टुटेजा और यश टुटेजा का नाम भी शामिल है। नई एफआईआर में दोनों का नाम दर्ज किया गया है। बताया जाता है कि ईडी ने पूछताछ के लिए दोनों को हिरासत में लिया था । ईडी ने ईओडब्ल्यू कार्यालय में दोनों से करीब 5 घंटे तक पूछताछ की थी।

**जानें क्या हैं दो हजार करोड़ का शराब घोटाला**

ईडी की जांच के मुताबिक, पूर्व कांग्रेस सरकार में उच्च स्तरीय अधिकारियों, निजी व्यक्तियों और राजनीतिक अधिकारियों वाला एक सिंडिकेट काम कर रहा था। छत्तीसगढ़ में शराब व्यापार में बड़े पैमाने पर घोटाला किया गया। साल 2019-22 में दो हजार करोड़ रुपये से अधिक काले धन की कमाई हुई। मनी लॉन्ड्रिंग मामला 2022 में दिल्ली की एक अदालत में दायर आयकर विभाग की चार्जशीट से उपजा है। पूर्व की कांग्रेस सरकार पर आरोप है कि सीएसएमसीएल (शराब की खरीद और बिक्री के लिए राज्य निकाय) से शराब खरीदने के दौरान रिश्वतखोरी हुई। प्रति शराब मामले के आधार पर राज्य में डिस्टिलर्स से रिश्वत ली गई और देशी शराब को ऑफ-द-बुक बेचा गया। ईडी के मुताबिक, डिस्टिलर्स से कार्टेल बनाने और बाजार में एक निश्चित हिस्सेदारी की अनुमति देने के लिए रिश्वत ली गई थी।

*0 जो नहीं डरता वो कभी नहीं मरता: मल्लिकार्जुन खड़गे....*

गौरव को मिटाना चाहती है। इन चुनावों में आपको ऐसा सांसद चुनना है जो राज्य के मुद्दों पर संसद में बात करे। उन्होंने कहा कि हमारे राज्य में जब डबल इंजन की सरकार थी तब आदिवासियों की स्थिति अच्छी नहीं थी। जब हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार बनी तो हमलोगों ने आदिवासियों की बेहतरी के लिए योजनाएं बनाई। बंद हो चुके प्राइमरी स्कूलों को फिर से चालू कराया। बेरोजगारों को रोजगार बांटने के अलावा सभी को पक्का मकान दिया जा रहा है। अब 20 लाख लोगों को तीन कमरे का पक्का मकान देने का काम किया जा रहा है।

*0 मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की पार्टी .....*

मुताबिक, ये चुनाव राष्ट्रपति मुइज्जू के 6 महीनों के कार्यकाल की परीक्षा थी. मुइज्जू सितंबर 2023 में 'इंडिया आउट' कैंपेन चलाकर देश के राष्ट्रपति बने. इसके बाद दोनों देशों के रिश्ते बिगड़ते चले गए. मालदीव का विपक्ष भारत से अच्छे संबंध रखने की मांग करता है, जबकि सत्ताधारी गठबंधन विदेश नीति में भारत से ज्यादा चीन को तवज्जो देता है.

मालदीव की संसद में विपक्षी पार्टी मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी का बहुमत था, जो भारत समर्थक मानी जाती है. यही वजह थी कि मुइज्जू को संसद में भारी विरोध का सामना करना पड़ रहा था. अब संसदीय चुनाव में मुइज्जू की पार्टी की जीत भारत की चिंता बढ़ाने वाली है. आशंका है कि अब मालदीव में चीन का प्रभाव बढ़ सकता है, क्योंकि मुइज्जू की पार्टी का संसद में बहुमत होने के चलते सरकार को नीतिगत फैसले लेने में आसानी होगी.

*0 रायपुर पहुंचे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह....*

उन्होंने कहा कि पहले आतंकवादी सीमा पारकर देश में घुस जाते थे। पीएम मोदी ने सर्जिकल स्ट्राइक कर दुश्मनों के घर में घुसकर उनका सफाया कराया। हम पूरे देश में यूसीसी लागू करेंगे। पूरे देश में विधानसभा और लोकसभा चुनाव एक समय पर कराएंगे। नल जल योजना की नल से गैस कनेक्शन भी देंगे।

*0 मोदी की गारंटी की कोई गारंटी नहीं.....*

हिंदी पट्टी में जीत हासिल की थी.

सीएम रेड्डी ने चुनावी मौसम के दौरान मतदाताओं का ध्रुवीकरण करने के लिए कथित तौर पर के साथ मिलीभगत करने के लिए असदुद्दीन ओवैसी की एआईएमआईएम की आलोचना की, उन्होंने स्वीकार किया कि हैदराबाद जैसे शहर में जहां आतंकवादी समूहों ने युवा मुसलमानों को कट्टरपंथी बनाने की कोशिश की है, एआईएमआईएम जैसी एक राजनीतिक पार्टी की उपस्थिति ने कट्टरपंथ को रोकने में मदद की है.

# युगांतर में वित्तीय साक्षरता पर हुई कार्यशाला




राजनांदगांव (दावा)। भारत में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी युगांतर पब्लिक स्कूल में सीए निकिता कोठारी सुरजन ने कक्षा बारहवीं के साइंस, कॉमर्स और ह्यूमैनिटीज के छात्रों के लिए वित्तीय साक्षरता पर एक कार्यशाला संचालित की। उन्होंने इस कार्यशाला के गतिशील सत्र को प्रभावशाली ढंग से संचालित करते हुए वित्तीय सफलता के लिए आवश्यक धन प्रबंधन कौशल और रणनीतियों पर ध्यान केंद्रित करने पर ज़ोर दिया। उन्होंने बजट बनाने का महत्व बताते हुए कहा कि विद्यार्थियों को अपने खर्चों को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करना चाहिए। इससे अपने वित्तीय लक्ष्य निर्धारित करने और खर्च करने की अपनी आदतों पर नियंत्रित करने में मदद मिलती है। इससे हम बजट बनाने की कला सीखते हैं। इसी तारतम्य में उन्होंने निवेश और बचत का महत्व बताते हुए कहा कि विद्यार्थियों को अपनी संपत्ति बढ़ाने और अपने वित्तीय भविष्य को सुरक्षित करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करना चाहिए। यही नहीं विद्यार्थियों को साइबर वित्तीय अपराध रोकने लिए सदैव जागरूक रहना चाहिए। उन्होंने साइबर वित्तीय अपराध से बचाव के लिए विशेष जोर दिया। उन्होंने आगे बताया कि आज की डिजिटल दुनिया में विद्यार्थियों को अपने वित्त की सुरक्षा के लिए आवश्यक व्यावहारिक सुझाव को अपनाना चाहिए और इस दिशा में प्रभावी रणनीतियों का कार्यान्वयन करना चाहिए।

उन्होंने निवेश के कंपाउंडिंग नियम की विस्तृत जानकारी दी। विद्यार्थियों को कंपाउंडिंग की शक्ति की खोज करना चाहिए और यह कैसे समय के साथ उनके निवेश को बढ़ा सकता है-यह समझना चाहिए। इससे उन्हें वित्तीय स्वतंत्रता की राह पर चलने में सहयोग मिलता है। उन्हें सक्रिय और निष्क्रिय आय की धाराओं की अवधारणाओं का पता लगाना चाहिए, जिससे उन्हें धन को उत्पन्न करने और वित्तीय स्थिरता प्राप्त करने के विभिन्न तरीकों को समझने में मदद मिलती है । उन्होंने बताया कि हमारा लक्ष्य अपने छात्रों को वित्त की जटिल दुनिया को आत्मविश्वास से नेविगेट करने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल से लैस करना है। हमें वित्तीय साक्षरता बढ़ाने के लिए अधिक जानकारी पूर्ण सत्रों और अवसरों के लिए बने रहना चाहिए। इस कार्यशाला को आयोजित करने में दीप्ति बिंदल पीजीटी कॉमर्स ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यशाला में विद्यालय के प्राचार्य डॉ मधु पोनुगोटी, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह, वाणिज्य, सामाजिक विज्ञान, ह्यूमैनिटीज के विभागाध्यक्ष तरूण कुमार महापात्रा, भावा रमेश पीजीटी कॉमर्स, शुभम पाण्डे पीजीटी कॉमर्स, नितिन ललिता त्रिपाठी पीजीटी फिजिक्स उपस्थित रहे। इस कार्यशाला का संचालन अंग्रेजी की अध्यापिका शालिनी नायर ने प्रभावी ढंग से किया। विद्यालय के चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा सहित युगांतर परिवार ने कार्यशाला के सफलतापूर्वक आयोजित होने पर हर्ष प्रकट किया है।

# आज मोदी शिखर पर है क्योंकि उनके किए कार्य ही उनकी प्रमाणिकता है -सुरेश एच. लाल



राजनांदगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं कोर कमेटी के वरिष्ठ सदस्य सुरेश एच लाल ने कहा कि आज मोदी सिर्फ देश के नहीं बल्कि विश्व में सर्वमान्य नेता के रूप में स्थापित हो चुके हैं, उनका कद शिखर पर है, क्योंकि उनके कार्य उनकी उपलब्धियां को स्वयं बखान करते हैं, उन्होंने कहा कि आज पिछले 10 वर्षों का हिसाब लेकर मोदी जी चुनाव में उतरे हैं, जिसमे प्रमुख रूप से नया संसद भवन, नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति, भारत की बढ़ती सैन्य आत्मनिर्भरता, पाकिस्तान और चीन पर लगाम, आंतकवाद पर कठोर प्रहार और रोकथाम, रूस यूक्रेन से लेकर अमेरिका और पश्चिम एशिया तक भारत की विदेश नीति की धाक, दुनिया में भारत का बढ़ता कद, यूएई में विशालकाय हिंदू मंदिर, धारा 370 का हटना, प्रभु श्री राम मंदिर का निर्माण,सी,ए,ए का लागू करना, योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाना, भारत में 1.6 लाख स्टार्टअप शुरू करवाना, डिजिटल लेनदेन में 90 गुना की वृद्धि होना, मेट्रो सुविधाओं का विस्तार, ऐसी सैकड़ो कार्य हैं जो मोदी को अन्य लोगों के तुलना में बेहतर बनाते हैं श्री लाल ने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी द्वारा जारी संकल्प पत्र में मनुष्य जीवन की आधारभूत संरचना में आर्थिक, व्यापारिक एवं आध्यात्मिक विकास की पूर्ण परिकल्पना परिलक्षित होती है।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार सुरेश एच लाल ने कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र अपने आप में नए भारत की परिकल्पना को प्रदर्शित करता है,. इसमें युवाओं के लिए पेपर लीक पर कठोर अधिनियम सहित पारदर्शी तरीके से नौकरी समयबद्ध मिलने की बात लिखी गई है, किसानों के लिए, महिलाओं के लिए, रेलवे के लिए एवं देश की संस्कृति के लिए जो मानक बिंदु निर्धारित किए गए हैं, उसकी एक-एक लाइन पढ़ने योग्य है, समझने योग्य है, और उस पर अमल होने पर भारत पूरे विश्व में अग्रणी होगा, यह तय है।

श्री लाल ने कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र में भ्रष्टाचार के खिलाफ ठोस कदम की बात भी गंभीरता से की गई है। साथ ही, समान नागरिक संहिता लागू करने की बात इस संकल्प पत्र में समाहित है, जिसका तात्पर्य यह है कि जो कार्य वर्षों से नहीं हुआ वह आगामी मोदी जी के कार्यकाल में होगा और भारत विकसित राष्ट्र की ओर अग्रसर होगा, भारत को तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए मोदी जी का संकल्प अवश्य सिद्ध होगा।

# युवीन पोर्टल के माध्यम से टीकाकरण कार्यक्रम का हुआ डिजिटाइजेशन

**नियमित टीकाकरण से बच्चों एवं गर्भवती माताओं को जानलेवा बीमारियों से बचाया जा सकता है**

राजनांदगांव (दावा)। युवीन पोर्टल के माध्यम से गर्भवती महिलाओं तथा बच्चों के नियमित टीकाकरण कार्यक्रम का डिजिटाइजेशन किया जा रहा है। कोविड वैक्सीनेशन पोर्टल की तर्ज पर बनाए गए युवीन पोर्टल में 0 से 2 वर्ष के बच्चों तथा गर्भवती महिलाओं को नियमित टीकाकरण कार्यक्रम अंतर्गत लगाए गए सभी टीकों की ऑनलाइन एंट्री युवीन मोबाइल प्लेटफार्म के माध्यम से हो रही है।

जिससे सभी हितग्राहियों की ट्रैकिंग सही समय पर हो पाएगी तथा हितग्राही का रिकॉर्ड डिजिटल माध्यम से सुरक्षित हो जाएगा। जिससे भारत में कहीं भी हितग्राही अपना टीकाकरण करवाकर गंभीर जानलेवा बीमारियों से बच सकते हैं। उल्लेखनीय है कि नियमित टीकाकरण कार्यक्रम अंतर्गत स्वास्थ्य केन्द्रों तथा टीकाकरण सत्रों में निःशुल्क टीकाकरण किया जाता है।

संशोधित राष्ट्रीय टीकाकरण सारणी अनुसार गर्भावस्था के दौरान टीडी का टीका तथा शिशु के जन्म के तुरंत बाद हेपेटाइटिस बी, पोलियो बीसीजी का टीका, जन्म के 6 सप्ताह पर पोलियो रोटावायरस एफआईपीवी पीसीवी पेंटावेलेंट, जन्म के 10 सप्ताह पर पोलियो रोटावायरस पेंटावेलेंट, जन्म के 14 सप्ताह पर पोलियो रोटावायरस एफआईपीवी पीसीवी पेंटावेलेंट, जन्म के 9 माह में विटामिन ए मीजल्स रूबेला पीसीवी, जन्म के 14 से 24 महीने पर विटामिन ए पोलियो मीजल्स रूबेला डीपीटी तथा 5 वर्ष पर डीपीटी, 10 व 16 वर्ष पर टीडी बूस्टर की खुराक दी जाती है। सभी हितग्राहियों से नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र अथवा टीकाकरण सत्र में अपने शिशु को नियमित रूप से टीके की खुराक अवश्य दिलाने की अपील करते हुए कहा गया है कि गंभीर जानलेवा बीमारियों से सुरक्षा कवच बनाएं।

टीकाकरण सत्र में जच्चा बच्चा सुरक्षा कार्ड (एमसीपी कार्ड) आवश्यक रूप से लेकर जाएं एवं प्राप्त खुराक की एंट्री कराएं। नियमित टीकाकरण समस्त स्वास्थ्य केंद्रों एवं टीकाकरण केंद्र में प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार में महिला व पुरूष स्वास्थ्य कार्यकर्ता, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानीन की उपस्थिति में संपादित किया जाता है। नियमित टीकाकरण से बच्चों एवं गर्भवती माताओं को जानलेवा बीमारियों से बचाया जा सकता है।

# कलेक्टर ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने तथा मतदान केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्था के संबंध में बैठक ली




- मतदान केन्द्र में छांव की व्यवस्था के लिए स्थानीय स्तर पर टेंट के साथ ही पत्तियों से बने इकोफ्रेंडली मंडप बनवाएं - कलेक्टर
- मतदान केन्द्रों में पेयजल, छांव, रैम्प, प्रकाश, फर्नीचर सहित अन्य बुनियादी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के दिए निर्देश
- दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्रों में व्हील चेयर की व्यवस्था करने कहा

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत मतदान का प्रतिशत बढ़ाने तथा मतदान दिवस में मतदान केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि मतदान केन्द्रों में पेयजल, छांव, रैम्प, प्रकाश, फर्नीचर सहित अन्य बुनियादी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गर्मी को ध्यान में रखते हुए मतदान केन्द्रों में विशेष तौर पर व्यवस्था करने की जरूरत है, इसके लिए प्रसास करें। मतदान केन्द्र में छांव की व्यवस्था के लिए स्थानीय स्तर पर टेंट के साथ ही पत्तियों से बने इकोफ्रेंडली मंडप बनवाएं। मतदान केन्द्रों में साफ-सफाई की व्यवस्था होनी चाहिए। सभी आवश्यक व्यवस्था के लिए अधिकारी पहले से ही मानिटरिंग करें और सभी तैयारी रखें। कलेक्टर ने कहा कि शिशुवती माताओं, दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों को लंबी कतार में खड़ा नहीं होना पड़े, इसके लिए उनके लिए अलग से ग्रीन कॉरिडोर बनाएं। दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्रों में रैम्प होना चाहिए तथा व्हील चेयर की व्यवस्था होनी चाहिए। दिव्यांगजन एवं बुजुर्गो की मदद के लिए एनसीसी, स्काउट गाईड, एनआरएलएम की महिलाएं मतदान केन्द्र में उपस्थित रहें।

कलेक्टर ने मतदान दलों के लिए वाहन की व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली तथा मतदान केन्द्र पहुंच मार्ग के संबंध में सभी को अवगत होने के लिए कहा। स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए आवश्यक दवाइयों का किट भी उपलब्ध होना चाहिए। उन्होंने मतदान दलों के भोजन के संबंध में व्यवस्था करने के निर्देश दिए। मतदान दलों को आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने के लिए कहा। जिन ग्रामों में दिव्यांगजन है, वहां दिव्यांग रथ होना चाहिए तथा ई-रिक्शा की व्यवस्था होनी चाहिए। हर गांव में प्रकाश की समुचित एवं वैकल्पिक व्यवस्था होनी चाहिए। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए मतदान केन्द्रों में ओआरएस घोल उपलब्ध रहे। अधिकारियों के पास मितानिनों का नंबर होना चाहिए। आदर्श मतदान केन्द्र थीम के अनुसार बनाएं जाएंगे। संगवारी एवं युवा मतदान केन्द्र अच्छे से सजाना है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सेल्फी जोन बनाएं तथा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध वस्तुओं का भी उपयोग करें। इस अवसर पर उन्होंने स्वीप कार्यक्रम एवं स्वीप संगोष्ठी के संबंध में चर्चा की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, उप जिला निर्वाचन अधिकारी खेमलाल वर्मा, सभी सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, जनपद सीईओ, सीएमओ, तहसीलदार एवं अन्य अधिकारी उपस्थिरत रहे।

# चन्द्रहास और हर्ष समाजसेवक संघ के अध्यक्ष बने





राजनांदगांव (दावा)। समाज सेवक संघ के जिला अध्यक्ष समाजसेवी भीमा साहू ने बोरी में चन्द्रहास देवांगन और गठुला में हर्ष साहू को ग्राम अध्यक्ष नियुक्त किया है। इनकी नियुक्ति पर अध्यक्ष संजीव सिंघल एवं प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती नैमिन देशमुख ने प्रसन्नता व्यक्त की है। चन्द्रहास और हर्ष को दुर्ग संभाग अध्यक्ष समाजसेविका इंजीनियर कुमारी स्वाती देवांगन, केसीजी जिले की अध्यक्ष कुमारी दिव्या वर्मा, बालोद जिले की अध्यक्ष कुमारी भुवनेश्वरी साहू एवं प्रियांशु सिंघल, पसौद की अध्यक्ष कुमारी हिमलेश्वरी ठाकुर, सुरसुली की अध्यक्ष कुमारी भूमिका साहू, नाहंदा का अध्यक्ष कुमारी वंदना सिन्हा, राजनांदगांव जिले के महासचिव भूवाल प्रसाद लिल्हारे, तारिक ललानी, उपाध्यक्ष कुमारी निशी ध्रुव, सचिव मधु फाफा, सचिव कुमारी पूर्वी साहू, कुमारी प्राची शर्मा, कुमारी करीना धनकर, मुंदगांव की अध्यक्ष श्रीमती सरस्वती वर्मा, नवागांव मुढ़ीपार स्टेशन के अध्यक्ष अमीत पटेल, सुरगी के अध्यक्ष तामेश्वर साहू, मुढ़ीपार स्टेशन के अध्यक्ष अश्विनी पटेल, कोटरासरार की अध्यक्ष ममता मैथिल, अमलीडीही के अध्यक्ष गिरीश साहू, इंदामरा की अध्यक्ष कुमारी रुपा कंवर, डोंगरगांव की अध्यक्ष श्रीमती रोहिनी पटेल, जिला सचिव कुमारी पायल यादव, ठाकुरटोला के अध्यक्ष अभिजीत सरकार, ककरेल के अध्यक्ष महेन्द्र बघेल, रीवागहन के अध्यक्ष मोतीलाल रावटे, घोरदा के अध्यक्ष मनोज भट्टाचार्य, तुमड़ीलेवा की अध्यक्ष कुमारी बबिता लहरे, फरहद (सोमनी) के अध्यक्ष विजय निषाद, पार्टीकला के अध्यक्ष आकाश यादव, भाठागांव के अध्यक्ष दिनेश पटेल, टेड़ेसरा अध्यक्ष दौलतराम साहू ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# सामान्य प्रेक्षक तथा कलेक्टर की उपस्थिति में 4 विधानसभा क्षेत्र के लिए ईव्हीएम एवं वीवीपेट मशीन की कमिशनिंग की गई



- सावधानी, सजगता एवं कुशलतापूर्वक अच्छी तरह मशीनों की कमिशनिंग करने के दिए गए निर्देश
- बैलेट यूनिट निर्वाचन लडने् वाले 15 अभ्यर्थी के लिए सेट किया गया, अभ्यर्थियों के चुनाव चिन्ह किए गए अपलोड

राजनांदगांव (दावा)। सामान्य प्रेक्षक शशि रंजन तथा कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर संजय अग्रवाल की उपस्थिति में लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत 4 विधानसभा क्षेत्र के लिए ईव्हीएम एवं वीवीपेट मशीन की कमिशनिंग आज छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाऊसिंग कॉर्पोरेशन बसंतपुर कैम्पस राजनांदगांव स्थित स्ट्रांग रूम में प्रारंभ किया गया। जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु मतदान दलों के लिए इव्हीएम एवं वीवीपेट मशीन का कमिशनिंग कार्य पूरा किया जा रहा है। इसके लिए प्रशिक्षित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा कार्य किया जा रहा है। आगामी 26 अप्रैल 2024 को होने वाले मतदान के लिए उपयोग होने वाली मशीनों के लिए 4 विधानसभावार डोंगरगढ़, राजनांदगांव, डोंगरगांव, खुज्जी के लिए तैयार किया गया।

सामान्य प्रेक्षक श्री शशि रंजन ने कमिशनिंग के निरीक्षण के दौरान मतदान कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने मतदान कर्मियों को अच्छी तरह से कमिशनिंग कार्य करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि सावधानी, सजगता एवं कुशलतापूर्वक अच्छी तरह मशीनों की जांच कर लें। किसी भी तरह की आशंका होने पर तत्काल अपनी जिज्ञासाओं का समाधान करें। उन्होंने मतदान दलों के लिए वाहन, पार्किंग, पेयजल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इस दौरान 4 विधानसभा के लिए ईव्हीएम एवं वीवीपेट मशीन को मतदान के लिए तैयार किया गया। बैलेट यूनिट में बैलेट पेपर लगाया गया। निर्वाचन लडने् वाले 15 अभ्यर्थी के लिए सेट किया गया तथा बैलेट यूनिट में अभ्यर्थियों के चुनाव चिन्ह अपलोड किए गए।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी खेमलाल वर्मा ने बताया कि विधानसभावार कुल मतदान केन्द्रों की संख्या 1006 है, जिसमें राजनांदगांव जिला अंतर्गत 840 मतदान केन्द्र एवं खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिला अंतर्गत 97 मतदान केन्द्र तथा मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी अंतर्गत 69 मतदान केन्द्र आते हैं। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़ अंतर्गत कुल मतदान केन्द्रों की संख्या 270 है। इसके अंतर्गत राजनांदगांव जिले में मतदान केन्द्रों की संख्या 173 एवं खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले में मतदान केन्द्रों की संख्या 97 है। खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले अंतर्गत आने वाले डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों के लिए मशीने रिजर्व सहित तैयार कर दिया गया। मतदान सामग्री का वितरण, वापसी एवं मतदान का कार्य खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले में वहां के मतदानकर्मी कराएंगे।

उल्लेखनीय है कि विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव अंतर्गत कुल मतदान केन्द्रों की संख्या 223 है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव अंतर्गत कुल मतदान केन्द्रों की संख्या 252 है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी अंतर्गत कुल मतदान केन्द्रों की संख्या 261 है। जिसमें खुज्जी राजनांदगांव जिला अंतर्गत 192 मतदान केन्द्र एवं मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी अंतर्गत 69 मतदान केन्द्रों के लिए यहां से कमिशनिंग कर मशीन दी जाएगी। चारों विधानसभा में 1006 मतदान केन्द्र है। जिनमें से 840 मतदान केन्द्र राजनांदगांव जिले में तथा 166 दूसरे जिले में है। कंट्रोल यूनिट 1256, बैलेट यूनिट 1256, वीवीपेट 1357 है। जिसकी कमिशनिंग आज की गई है। कमिशनिंग के बाद खैरागढ़ जिलों को 97 मतदान केन्द्रों के लिए ईव्हीएम मशीन के साथ ही रिजर्व ईव्हीएम मशीन प्रदान की जाएगी। इसी तरह खुज्जी विधानसभा के मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिले के क्षेत्र के लिए 69 मतदान केन्द्र के लिए ईव्हीएम रिजर्व मशीन प्रदाय की जाएगी। इसके अतिरिक्त कुल ओके कंट्रोल यूनिट का 1256 का 5 प्रतिशत रैंडम चयन कर 1 हजार वोट डालकर मॉक पोल किए जायेंगे। इस अवसर पर सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एवं अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एवं एसडीएम राजनांदगांव अतुल विश्वकर्मा, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एवं एसडीएम डोंगरगढ़ उमेश कुमार पटेल, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एवं एसडीएम डोंगरगांव मनोज कुमार मरकाम, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# माता लंहगरा दाई में 128 ज्योति कलशों का धूमधाम से हुआ विसर्जन



**माई की जस सेवा गान से अंचल हुआ गुंजायमान**

राजनांदगांव(दावा)। शहर से उत्तर दिशा में 25 कि.मी. दूर स्थित ग्राम गिधवा (घुमका) में माता लहंगरा दाई की विशेष मान्यता बनी हुई है। ग्राम से अलग-थलग खेतों के बीच विराजित दाई लहंगरा की गांव वालों में काफी चमत्कारिक शक्ति ख्यात है। मातारानी लहंगरा के इस दिव्य शक्ति के चलते ग्राम गिधवा के किसान हेमनाथ साहू ने मंदिर बनाने के लिए दो डिसमिल जमीन दी है जहां पर आज माता लहंगरा देवी विराजमान है। यहां पर प्रति चैत्र नवरात्रि व कंवार नवरात्रि में दूर-दूर के श्रद्धालुओं द्वारा माता लहंगरा के दबार में बड़ी संख्या में मनोकामना ज्योति का प्रज्वलन करते है और माता देवी से मनो मुराद की प्राप्ति करते है।

इस बार चैत्र नवरात्रि पर ग्राम गिधवा सहित घुमका व आसपास के ग्रामवासियों सहित गोदिंया-नागपुर के श्रद्धालुओं ने मातारानी के दरबार में 128 ज्योति कलश की स्थापना की थी। यहां मातारानी की शान में ज्योति-जंवारा भी बोए गए थे। जिसका नौ-दिनों तक विधि विधान के साथ पूजा-पाठ व अंतिम दिन श्रीराम नवमी के अवसर पर यज्ञ-हवन आयोजित की गई व देवी मां को आहुति प्रदान किए जाने के उपरांत दूसरे दिन बाजे-गाजे के साथ ग्राम के तालाब में ज्योति विसर्जन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में मां लहंगरा दाई के भक्तों व श्रद्धालु नर-नारियों की उपस्थिति बनी रही। यहां भंडारे का भी आयोजन किया गया।

## देव छलहीन माता

घुमका ग्राम से लगे गिधवा गांव के खेत की ओर स्थित माता लहंगरा दाई पहले एक बेर के पेड़ में विराजित थी जिसे कोई नहीं जानता था। घुमका की रहने वाली एक कन्या सायकल से उस मार्ग से गुजर रही थी वह अचानक वहा सायकल समेत गिर गई और कुछ देर के लिए बेहोश हो गई। सायकल इस घटना में टूट-फूट चुकी थी। इस लिए व रोने लगी ऐसे में वह माता उनके सम्मुख उपस्थित हो कर रोने का कारण पुछी व सायकल टूटने की बात पता चलने पर माता लहंगरा दाई उसे ठीक कर दिया और उस कन्या जिसका नाम गौरी वर्मा है को यह कह कर विदा किया कि वे जब-तब यहा आ जाया करे। उस समय स्कूल में अध्ययन रत छात्रा को माता रानी की कृपा से ऐसा ज्ञान हासिल हुआ कि वे एक-एक करते हुए आगे की क्लास पास करते गई और टॉप में पहुंची जिसके बदौलत उसके लिए नौकरी के आफर आने लगे। माता लहंगरा देवी की कृपा से पूरी तरह अनुरक्त उक्त कन्या गौरी वर्मा मातारानी की सेवा में उपस्थित होने से नहीं चुकती। इस कन्या के इस तरह चमत्कारिक शक्ति से लाभान्वित होने की चर्चा आसपास में होने पर ग्राम वासियों की श्रद्धा मां लहंगरा दाई पर बढ़ते गई और आज से 5-7 वर्ष पूर्व जब गांव के शिक्षित एवं जागरूक नागरिक चन्द्रकुमार साहू की धर्मपत्नी देवरा साहू सरपंच थी तब उसके कार्यकाल में मंदिर को बनवाया गया।

## मंदिर बना श्रद्धा का केन्द्र

आज वह मंदिर आसपास के गांव वालों सहित दूर-दराज के लोगों की श्रद्धा का केन्द्र बना हुआ है। जहां वर्ष के दोनों नवरात्रियों में ग्राम गिधवा के प्रमुख सी.के. साहू, मोरध्वज साहू (अधिवक्ता) सहित हेमनाथ साहू, बोदराय साहू, दिलेश्वर साहू, एमन लाल, कामता साहू, संतोष साहू, नीलू साहू, बलवंत साहू के अलावा आसपास के ग्राम वासी मां लहंगरा देवी की सेवा-पूजन में जुटे रहते है। इससे गांव में शांति का माहौल बना रहता है। नवरात्रि पर्व पर यहां नौ दिनों तक माता सेवा की धूम रही। मांदर ढोलक की थाप के साथ जस सेवा गान से माहौल चहूं ओर गुंजायमान बना रहा। अधिवक्ता एवं नोटरी मोरध्वज साहू ने बताया कि नवरात्रि के नौ दिनों तक यहां मेला लगा रहा अंतिम दिन धूमधाम के साथ ज्योति कलश विजर्सन का कार्यक्रम आयोजित रहा तत्पश्चात उपस्थित जनों के लिए भंडारा कार्यक्रम किया गया। मातारानी की कृपा प्रसाद पाने के लिए लोगों की भीड़ रही।

# डी.पी.एस. के नौनिहालों ने ऊर्जा पार्क का किया शैक्षणिक भ्रमण



राजनांदगांव (दावा)। दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव के प्री-प्रायमरी के बच्चों ने राजनांदगांव स्थित ऊर्जा पार्क का शैक्षणिक भ्रमण किया। ऊर्जा पार्क में बच्चों ने झूलों एवं खेलों का आनंद उठाया।

शिक्षकों ने स्वच्छ एवं हरित वातावरण के विषय में बच्चों को जानकारी देते हुए बताया कि प्रकृति बिना मानव जीवन संभव नहीं। ऐसे में यह बेहद जरूरी है कि हम पेड़-पौधों, जंगलों, नदियों, झीलों, भूमि, पहाड़ सबकों महत्व दे। पर्यावरण हमारे आसपास का वो माहौल है जिसमें हम रहते हैं। यह जीवन का स्त्रोत है हमारा सारा जीवन पर्यावरण पर निर्भर करता है। हमें इन्हें स्वच्छ एवं सुरक्षित बनाये रखना है। शाला की प्राचार्या श्रीमती निर्मला सिंह ने प्री-प्रायमरी के बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए शिक्षिकाओं को धन्यवाद दिया।

# भूपेश बघेल पर छत्तीसगढ़ को लुटने, घोटाले करने का आरोप है वो चुनाव लड़ रहा है, सबक आपको सिखाना है - योगी आदित्यनाथ

राजनांदगाँव (दावा)। उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कांग्रेस घोटाले का नाम है, कांग्रेस आतंकवाद का नाम है, कांग्रेस नक्सलवाद का नाम है। कांग्रेस ने युवाओं को आतंकवाद के नाम पर, उग्रवाद के नाम पर उकसाने का कार्य किया है। श्री योगी ने कहा कि 102 लोकसभा सीटों पर चुनाव हुए हैं। पूरे देश के अंदर एक ही लहर है, एक ही आवाज है- फिर एक बार मोदी सरकार। इसी आवाज को छत्तीसगढ़ में भी हमें गुंजाना है। जो लोग जातिवाद के नाम पर और अन्य आधार पर यहाँ लोगों को बाँटना चाहते हैं, उनको दरकिनार करिए। मुख्यमंत्री श्री योगी रविवार को राजनांदगाँव संसदीय क्षेत्र के ग्राम कुमरदा में भाजपा की महती चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री श्री योगी ने कहा कि अयोध्या में 500 वर्षों का इंतजार समाप्त करके प्रभु श्रीरामलला का फिर से अयोध्या में आगमन हुआ है। क्या यह काम कांग्रेस के लोग कर पाते, जब भगवान राम को 14 वर्ष का वनवास हुआ था तो उन्होंने इसी छत्तीसगढ़ की तरफ रुख किया क्योंकि ननिहाल नजदीक था। पहले चित्रकूट आए और फिर दंडकारण्य होते हुए पंचवटी की तरफ गए। उस समय भी उनके सामने चुनौती थी कि रावण के कुछ राक्षस इस पूरे क्षेत्र में यहाँ के ऋषि-मुनियों को परेशान करते थे, सभ्य समाज को प्रताड़ित करते थे उनकी सुरक्षा का दायित्व प्रभु राम ने अपने कंधे लिया। निसिचर हीन करहुँ मही का संकल्प लेकर उन्होंने इसी धरती पर इसको निशिचरहीन करने का जो संकल्प लिया उसी का परिणाम था कि लंका के राजा रावण को भी अंततः अपने पूरे खानदान के साथ दूसरे लोक के लिए प्रस्थान करना पड़ा था। श्री योगी ने कहा कि आज अगर अयोध्या में रामलला का प्रगटीकरण हुआ है, फिर से रामलला 500 वर्षों का इंतजार समाप्त करते हुए अयोध्या आए हैं तो प्रधानमंत्री श्री मोदी के कारण आए हैं। कांग्रेस के लोग तो कहते थे कि राम हुए ही नहीं, जब राम हुए ही नहीं तो गांधी जी क्यों कहते थे हे राम, अंत में उन्होंने कहा था रघुपति राघव राजा राम। गांधीजी के नाम पर जिन लोगों ने जीवनभर सत्ता पर काबिज रहे, वे राम के अस्तित्व पर प्रश्न खड़ा कर रहे थे। यह भारत के अस्तित्व पर प्रश्न खड़ा करने की कांग्रेस की कुचेष्टा थी। अभी देश प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है और देशवासियों ने 10 वर्ष में बदलते हुए भारत को देखा होगा।




भारत में अब घोटालेबाज नहीं चलेंगे - योगी आदित्यनाथ

भाजपा मीडिया सेल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार मुख्यमंत्री श्री योगी ने कहा कि जब भी अवसर मिला, कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ को पूरी तरह लूटने का कोई मौका नहीं छोड़ा। भाजपा की सरकारों ने, डॉ. सिंह की सरकार रही हो, चाहे वर्तमान में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार हो, यहां के गरीबों के लिए, पिछड़ों के लिए, वनवासी आदिवासियों के लिए, उनके सम्मानजनक स्थान के लिए कार्य किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में, अटल जी के नेतृत्व में जो योजनाएँ बनाई गई थीं, कांग्रेस ने अपने 5 वर्ष के शासनकाल में उन्हें पूरी तरह समाप्त करने का प्रयास किया। श्री योगी ने कहा कि कांग्रेस ने यहां के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को अपना प्रत्याशी बना कर चुनाव में उतारा है। यानी, जिनके ऊपर पहले से ही शराब, कोयला, पब्लिक सर्विस कमीशन, डीएमएफ, गौठान और महादेव एप के घोटालों का आरोप है, और फिर भी पूरी ठसक के साथ चुनाव लड़ने का दुस्साहस कर रहा है, इसका मतलब यह है कि वह यह मानकर चलता है कि हम कितना भी बड़ा अपराध करेंगे तो हम लोग समाज की आँखों में धूल झोंककर सत्ता पा लेंगे। लेकिन, अब ऐसा नहीं होने वाला है। यह नया भारत है। नए भारत में घोटालेबाज नहीं चलेंगे। भूपेश बघेल ने तो अपने शासनकाल में गोबर का भी घोटाला कर डाला! श्री योगी ने कहा कि भुनेश्वर साहू के साथ जिस प्रकार की बर्बरता हुई थी, उसके पिता ईश्वर साहू को विधायक बनाकर लव जिहाद का विरोध करने के लिए छत्तीसगढ़ की जनता का अभिनंदन है। कांग्रेस सरकार की तुष्टीकरण की नीति का विरोध किया था। यहां पर तो गौ माता को भी तस्करों के हवाले कर दिया गया था। कसाइयों के हवाले कर दिया गया था। पूरी तरह छूट दे दी गई थी। भूपेश बघेल की सरकार ने 18 लाख गरीबों को छत्तीसगढ़ के अंदर मकान से वंचित किया था क्योंकि प्रधानमंत्री श्री मोदी पैसा देना चाहते थे पर बघेल उसको लेना नहीं चाहते थे। इन गरीबों को मकान नहीं मिले ते इसका दोष भी अगर किसी के ऊपर है तो कांग्रेस की सरकार पर है।

मुख्यमंत्री श्री योगी ने आगे कहा कि भाजपा की सरकार छत्तीसगढ़ में डॉ. रमन सिंह के मुख्यमंत्रित्व में रही हो या केंद्र में श्रद्धेय अटल जी की सरकार रही हो या फिर पिछले 10 वर्ष में प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व की सरकार, जिस मजबूती के साथ छत्तीसगढ़ को उसकी पहचान दिलाने के लिए प्रतिबद्ध दिखाई देती है, वह अभिभूत करने वाली है और इसलिए आज हम सब आपके पास अपना रिपोर्ट कार्ड लेकर आए हैं। श्री योगी ने कहा कि जिन गरीबों को खाद के लिए पैसा मिलना चाहिए था, यूरिया दुनिया के अंदर 3 हजार रुपए में मिल रही है वही भारत में मोदी सरकार वही खाद 300 रुपए में किसानों को दे रही है। छत्तीसगढ़ भाजपा की पहली सरकार थी, जिसने 1 रुपए किलो चावल यहाँ के गरीबों, आदिवासी वनवासियों को देना प्रारंभ किया था और अब प्रधानमंत्री श्री मोदी नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पिछले 4 वर्ष से 80 करोड़ भारतीयों को फ्री में राशन की सुविधा का लाभ प्रदान कर रही है। कांग्रेस की सरकार के समय किसान आत्महत्या करता था। महिलाओं के सामने अपनी सुरक्षा का संकट था। श्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में 80 करोड़ गरीबों को फ्री में राशन की सुविधा का लाभ, 60 करोड़ गरीबों को 5 लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज का लाभ दिया गया। 50 करोड़ गरीबों के लिए जनधन अकाउंट खोल दिए गए। जो पैसा कमीशनखोरी कांग्रेसियों की प्रवृत्ति का हिस्सा थी, श्री मोदी ने जनधन अकाउंट खोल करके पूरी तरह उस पर रोक लगाने का काम किया। 12 करोड़ अन्नदाता किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ, 12 करोड़ गरीबों के घर में शौचालय का निर्माण, 10 करोड़ महिला स्वयंसेवी समूह को आर्थिक स्वावलंबन के मार्ग पर अग्रसर करने का कार्य, 10 करोड़ गरीबों के घर में उज्ज्वला योजना का रसोई गैस का सिलेंडर भी पहुंचा दिया गया। 4 करोड़ गरीबों के मकान मोदी जी के नेतृत्व में देश में बने। ढाई करोड़ गरीबों के घर में बिजली पहुँची, हर घर नल की योजना लागू हुई, यह सभी कार्य श्री मोदी के नेतृत्व में हुए।

महती सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री योगी ने कहा कि कश्मीर में आतंकवाद की ताबूत पर अंतिम कील ठोकने का काम करके धारा 370 समाप्त की गई तो तीन तलाक की कुप्रथा को भी सदैव के लिए समाप्त किया गया। आज इसीलिए भाजपा आपके पास यह बताने के लिए आई है कि यहां के गरीब किसानों का धान अतिरिक्त बोनस देकर के खरीदने की परंपरा जो डॉ. रमन सिंह ने तय की थी, उस परंपरा को विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने फिर से संबल देने का काम किया। 18 लाख गरीब को मकान देने जा रही है। श्री मोदी ने कहा है अगले 5 वर्ष तक यह निरंतर जारी रखेंगे और 3 करोड़ गरीबों को मकान देंगे। श्री मोदी ने कहा है कि गरीबों के लिए जितनी भी योजनाएँ हैं, इसमें और तेजी के साथ हम आगे काम करेंगे।

श्री योगी ने कहा कि इस देश को दुनिया की एक बड़ी ताकत बनाना है। विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत, ग्लोबल लीडर भारत बनाना है। एक ऐसा भारत जहां हर नागरिक के चेहरे पर चमक हो, हर नागरिक अपने आपको सुरक्षित महसूस करें, बेटी हो या व्यापारी इन सबकी सुरक्षा की पूरी गारंटी हो और यह कार्य केवल और केवल भाजपा कर सकती है। आपकी आस्था का सम्मान भी केवल भाजपा कर सकती है। कांग्रेस गरीबों को फ्री में राशन नहीं देती, अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण नहीं करती, नक्सलवाद की समस्या का समाधान नहीं करती, कांग्रेस लोगों को सुरक्षा नहीं देती। कांग्रेस सिर्फ समस्या देती है और भाजपा समाधन का नाम है। मोदी जी को आपने दो कार्यकाल दिए हैं, तीसरा कार्यकाल भी उन्हें आप दें, यही निवेदन करने हम आपके पास पहुँच रहे हैं। भाजपा ने मोदी जी के प्रतिनिधि के रूप में इस राजनांदगांव में संतोष पांडे को फिर अपना प्रत्याशी बनाकर उतारा है। 26 अप्रैल को चुनाव होंगे उसमें आप सबको संतोष पांडे को मोदी जी का प्रतिनिधि बनाकर संसद भेजना है।

## महावीर जयंती पर शहर में धूमधाम से निकली शोभायात्रा

राजनांदगांव (दावा)। शहर में भगवान महावीर जयंती पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में जैन समाज की महिलाएं व पुरूष जन शामिल थे। भगवान महावीर की जयकारों के साथ शहर में निकली भव्य शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत अभिनंदन किया गया। शोभायात्रा अवसर पर शहर के रेल्वे स्टेशन रोड चौक पर स्थित महावीर चौक में समाज के वरिष्ठ कन्हैयालाल कोठारी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। उक्त कार्यक्रम में शहर की महापौर श्रीमती हेमा देशमुख, शारदा तिवारी, कुलबीर छावड़ा, गिरीश देवांगन, जितेन्द्र मुदलियार, गणेश पवार, पूर्व महापौर अजीत जैन आदि सहित बड़ी संख्या में भाजपा व कांग्रेस के लोगों व सकल जैन समाज के लोगों की उपस्थिति रही। उपरोक्त लोगों ने सकल जैन श्रीसंघ के अध्यक्ष मनोज बैद से मिलकर भगवान महावीर स्वामी जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



० बड़ी संख्या में जैन समाज की महिलाएं व पुरूषजन हुए शामिल

### शोभायात्रा की धूम

शहर में रविवार को सकल जैन समाज द्वारा भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान शहर में परम्परानुसार बैलगाड़ी में रखकर भगवान महावीर की चांदी से मंडित सिंहासन वाली आकर्षक झांकी निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में जैन समाज की महिलाएं भगवान महावीर की वंदन गान करते हुए चल रही थी, वहीं पुरूष जन महावीर स्वामी के जयकारे लगाते हुए शहर को गुंजायमान कर रहे थे। इस दौरान भगवान महावीर के प्रति जैन समाज के लोगों में श्रद्धा व भक्ति देखते ही बन रही थी। लोग भीषण गर्मी के बीच महावीर स्वामी के प्रति श्रद्धा-भक्ति का इजहार करते हुए आनंदित होकर झूमते नाचते चल रहे थे। वहीं बैंड बाजे की सुमधुर आवाज लोगों को श्रद्धा भक्ति से सरोवर किए दे रहा था। शहर में शोभायात्रा के दौरान जगह-जगह स्टॉल लगाकर शोभायात्रियों में शीतल जल व शरबत आदि भी बांटे गए। भारत माता चौक, कामठी लाईन में भगवान महावीर जयंती की खुशी में हलवा प्रसाद व आलू पोहा बांटे गए। शोभायात्रा में एक ही रंग के कुर्ता पैजामा में नजर आ रहे जैन समाज के युवा आकर्षण के केन्द्र बने रहे, वहीं सकल जैन श्रीसंघ के अध्यक्ष मनोज बैद राजस्थानी पगड़ी लगाए लोगों की बधाईयां स्वीकार करते नजर आए। इस दौरान खूबचंद पारख, अनिल बरडिया, पूर्व महापौर नरेश डाकलिया, गौतम पारख, रमेश जैन, प्रेमचंद बाफना, विनोद बोहरा, हर्ष जैन, संजय सिंगी, तिलोकचंद बोहरा, सौरभ कोठारी, ललित भंसाली, रोमी जैन, वैभव गोलछा, उत्तम गिड़िया, भावेश बैद, सूर्यकांत जैन, राजेन्द्र जैन, नमिताभ जैन, मनोज जैन, हेमंत ओस्तवाल, पारुल जैन, रोशन गोलछा सहित जैन समाज के लोग उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की आज नगर में चार सभाएं



राजनांदगाँव(दावा)। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संतोष पांडे के चुनाव प्रचार अभियान को गति प्रदान करने राष्ट्रीय स्तर के नेताओं सहित प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सभाए आयोजित हो रही हैं। इसी तारतम्य में कल 22 अप्रैल सोमवार को मुख्यमंत्री श्री साय राजनांदगाँव विधानसभा के श्रमिक बहुल क्षेत्रों में चुनावी सभाओं को संबोधित कर कमल फूल निशान को विजयी बनाने का आव्हान करेंगे। भाजपा मीडिया सेल प्रभारी अशोक लोहिया व अमर लालवानी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल शाम 5 बजे नंदई में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इसके पूर्व भाजयुमो के सैकड़ों कार्यकर्ता बाईक रैली के माध्यम से श्री साय का भावभीना स्वागत करेंगे। इसके पश्चात शाम 6 बजे लखोली, शाम 7.00 बजे चिखली एवं रात्रि 8 बजे मोतीपुर पहुंचकर जनसम्पर्क करते हुए चुनावी सभा के माध्यम से भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे को भारी मतों से जीत दिलाने का आव्हान आमजनों से करेंगे।

## जो आपकी सुविधा काट रहे, उनके वोटों में कटौती करनी है : बघेल



राजनांदगांव(दावा)। पूर्व मुख्यमंत्री और राजनांदगांव से कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर जनता की सुविधाओं में कटौती का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने आपके राशन में कटौती कर दी है, आपकी बिजली में कटौती कर दी है, हमारी योजनाओं को बंद करके आपको होने वाली आय में कटौती कर दी है, इसलिए अब आपके पास मौकर है, आपको इनके वोटों में कटौती करनी है और सबक सिखाना है। रविवार को छत्तीसगढ़ में स्टार प्रचारक और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी की बालोद और मोहड़ की आम सभाओं में में शामिल हुए, उसके बाद खैरागढ़ विधानसभा में जनसम्पर्क और भेंट-मुलाकात की।

भूपेश बघेल ने डोंगरगांव के मोहड़ मैदान में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी का स्वागत करते हुए कहा कि इसी मैदान में उनकी मां और कांग्रेस की वरिष्ठ नेता श्रीमती सोनिया गांधी का आगमन हुआ था। मैदान में उमड़े जनसैलाब को संबोधित करते हुए भूपेश ने कहा कि यह चुनाव जनता के लिए इतिहास बनाने का समय है।

भूपेश बघेल ने कहा कि एक तरफ भाजपाई जुमलेबाज हैं, जो लगातार झूठे वादे करके जनता को छल रहे हैं, एक तरफ कांग्रेस है जो कहती है-वो करती है। भूपेश ने केंद्र और राज्य भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आपको इस चुनाव में जुमलेबाजों को अपनी वोट की ताकत का एहसास कराना है। मोहड़ में रैली के समापन के बाद भूपेश बघेल खैरागढ़ पहुंचे, जहां शहर में आयोजित बाइक रैली में युवाओं के साथ शामिल हुए। इस दौरान भूपेश बघेल स्वयं बाइक चलाते हुए रैली का नेतृत्व किया। खैरागढ़ में जनसंपर्क के दौरान भूपेश बघेल ने पेंड्रीकला, छुईखदान, डोकराभाठा, राहुद, करमतरा, रंगकठेरा, शेरगढ़, भोथी, सोनपुरी और उदयपुर का दौरा किया।

इस दौरान उनके साथ मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे, विधायक यशोदा वर्मा, संजय महोबिया, पार्तिका महोबिया, पूर्व विधायक गिरवर जंघेल, अकाशदीप सिंह, पदमा सिंह, मयूरी सिंह, शैलेंद्र वर्मा, समीर कुरैशी, सुमित टांडिया, आरती महोबिया, विप्लव साहू, पालश सिंह, रतन जैन, नित्यशरण सिंह, अमित सिंह, नदीम मेमन, किरण झा और नीलांबर वर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कांग्रेस नेता नवाज खान को नोटिस जारी

**भूपेश के करीबी कहे जाने वाले नवाज खान की तलाश कर रही है पुलिस**



डोंगरगढ़ (दावा)। सहायक समिति प्रबंधक गोवर्धन वर्मा द्वारा किए गए आत्महत्या सहित धान संग्रहण केंद्र छिपा में हुई लाखों रुपए की अनियमितता के मामले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के करीबी रहे, कांग्रेस नेता नवाज खान से पूछताछ के लिए पुलिस प्रशासन की ओर से नोटिस जारी किया गया है। पुलिस की ओर से बताया गया कि, नोटिस का पता चलते ही नवाज खान फरार हो गए हैं। उनकी तलाश जारी है।

थाना प्रभारी सी.आर. चंद्रा ने बताया कि, 11 मार्च को छिपा समिति के सहायक प्रबंधक गोवर्धन वर्मा 45 वर्ष अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया था। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर धारा 174 के तहत जांच की जा रही है। चूँकि नवाज खान पूर्व में कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष थे और सोसायटी से संबंधित थे। जांच में प्राप्त दस्तावेज का अवलोकन करने पर पाया गया कि धान खरीदी केंद्र में 28 लाख के धान की कमी पाई गई और कुछ किसानों के नाम से लाखों रुपए के अनियमित लोन निकाले गए थे। उक्त सभी तथ्यों से संबंधित पूछताछ नवाज खान से करनी थी। इस संबंध में नवाज खान को कल 20 अप्रैल को नोटिस जारी किया गया था। नवाज द्वारा टेलीफोन के माध्यम से जानकारी दिया गया था कि रविवार की सुबह 11:00 बजे तक आऊंगा। नहीं आने पर पुनः फोन से संपर्क करने पर उनका फोन बंद पाया गया। उनकी तलाश जारी है।







स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com